www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 237 । भोपाल, रविवार 27 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

3 दिन छुट्टी के बाद पटवारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा पृष्ठ 3

- एक नन्ही मुस्कान
- बाजारवाद में 'घिस रहा है धान का कटोरा' पृष्ठ 4

- जिला बनने से सुविधा मिलती है तो भाजपा करेगी विचार : केलकर पृष्ठ 6

मेट्रो को भोपाल से मंडीदीप, फिर बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक ले जाया जाएगा पृष्ठ 8

सार-समाचार

दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का निधन

मुंबई, एजेंसी। दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को मुंबई में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। दिवंगत कोहली का पार्थिव शरीर आज दोपहर लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स स्थित उनके घर पर लोगों और उनके प्रशंसकों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम ओशिवारा श्मशान घाट पर किया गया। कोहली का जन्म दो नवंबर, 1942 को पाकिस्तान के रावलपिंडी के एक सिख परिवार में हुआ था। बाद में, उनका परिवार देहरादून में बस गया था।

राज्यपाल को सरकार को धमकाने का अधिकार नहीं

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि एक 'चयनित' राज्यपाल को निर्वाचित प्रतिनिधियों को धमकाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करने की राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की 'धमकी' पंजाब के 3.5 करोड़ लोगों का अपमान है। पंजाबियों ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में सरप्लस बनाने के अलावा, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अभूतपूर्व बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह ऐसी धमकियों के आगे झुकने वाले नहीं हैं।

मिनी ट्रक पलटने से 4 लोगों की मौत

शिवपुरी, एजेंसी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के नरवर थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक मिनी ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। मिनी ट्रक में सवार लोग भैंस खरीदकर ले जा रहे थे। दुर्घटना में मिनी ट्रक में सवार चार भैंसों की भी मृत्यु हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तड़के धौलपुर पुरानी क्षेत्र के कुछ लोग शिवपुरी जिले के नरवर क्षेत्र से भैंस खरीद कर मिनी ट्रक से धौलपुर ले जा रहे थे। तभी यह ट्रक नरवर थाना क्षेत्र में ग्राम केरउ के पास पलट गया। दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गई जिनके नाम सन्नू, सलीम, निजामुद्दीन एवं नासिर कुरैशी निवासी पुरानी छावनी धौलपुर बताए गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोल्डन बाबा की 1.53 करोड़ की संपत्ति की कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने भुवनेश्वर के ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी के मालिक ज्योति रंजना बेउरा उर्फ गोल्डन बाबा द्वारा अपराध की आय के रूप में अर्जित 1.53 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने ओडिशा में व्यवसायियों को 5.50 करोड़ का ऋण प्रदान करने में उनके द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबंध में गोल्डन बाबा के खिलाफ पीएमएलए जांच शुरू की। इस संबंध में पहले उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू भुवनेश्वर द्वारा एफआईआर दर्ज की गई थी।

28 को फिर निकाली जाएगी ब्रज मंडल धार्मिक यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंसक हमलों के कारण अधूरी रह गई मेवात की ब्रज मंडल धार्मिक यात्रा अब 28 अगस्त को निकाली जाएगी। सहयोगी संस्था के रूप में विश्व हिंदू परिषद के नेता भी इसमें उपस्थित रहेंगे। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन के साथ संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते हुए 52 पाल के अध्यक्ष अरुण जैलदार ने कहा कि ब्रज मंडल धार्मिक यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा है, जो 31 जुलाई को हुए हिंसक हमलों के कारण अधूरी रह गई थी। उन्होंने कहा कि अब 28 अगस्त को यह यात्रा मेवात के सर्व हिंदू समाज द्वारा निकाली जाएगी।

बारामूला में इंजीनियर लापता

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर सरकार के सड़क एवं भवन (आर-बी) विभाग का एक इंजीनियर गत शुक्रवार दोपहर बारामूला जिले से लापता हो गया है। सूत्रों ने बताया कि आरएंडबी विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर गुरुमीत सिंह शुक्रवार को बारामूला शहर में कुछ आधिकारिक बैठक में भाग लेने गए थे, लेकिन शाम को अपने घर वापस रिपोर्ट करने में विफल रहे। लापता इंजीनियर के परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और उसके बाद, पुलिस द्वारा इंजीनियर का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया।

संतुलन साधने की कवायद : शिवराज ने किया मंत्रिमंडल का विस्तार

चुनाव से 2 महीने पहले 3 नए मंत्री बनाए

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव से 2 महीने पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने 3 विधायकों– गौरीशंकर बिसेन, राजेंद्र शुक्ल और राहुल लोधी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। विधानसभा चुनाव से पहले 3 मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल कर क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने की कोशिश की गई है। नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ शिवराज मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 33 तक पहुंच गई है।

मंत्रिमंडल में शामिल किए गए श्री बिसेन बालाघाट से 7 बार के विधायक हैं, वहीं रीवा से राजेंद्र शुक्ल 4 बार से लगातार विधायक हैं। यह दोनों पहले भी मंत्री रहे हैं, लेकिन 2020 में सिंधिया समर्थक विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद बनी शिवराज सरकार में इन दोनों को मंत्री नहीं बनाया जा सका था। टीकमगढ़ के खरगापुर विधानसभा से पहली बार के विधायक और अब मंत्री बने राहुल लोधी पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भतीजे हैं। चुनाव से 2 महीने पहले मंत्रिमंडल में नए मंत्रियों को शामिल करना भाजपा की चुनावी रणनीति का एक अहम हिस्सा माना जा रहा है, क्योंकि जिन चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है उनमें राजेंद्र शुक्ल विंध्य क्षेत्र में एक कद्दावर नेता हैं। उन्हें शामिल कर ब्राह्मणों को साधने की कोशिश की गई है। जबकि श्री बिसेन की पिछड़ा वर्ग में खासी पैठ है, वे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को सुनिश्चित करने सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा दायर की गई याचिका के दौरान मध्यप्रदेश में पिछड़े वर्ग की संख्या को लेकर तार्किक पक्ष रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, वहीं राहुल लोधी को मंत्रिमंडल में शामिल कर लोधी मतदाताओं को साधने का प्रयास किया गया है। राज भवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, जल संसाधन आयुष (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री रामकिशोर कांवरे, सांसद प्रदेश अध्यक्ष भाजपा विष्णुदत्त शर्मा के अलावा कई विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

नए मंत्रियों का परिचय

गौरीशंकर बिसेन : श्री बिसेन वर्ष 1985 में आठवीं, 1990 में नौवीं, 1993 में दसवीं तथा वर्ष 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। श्री बिसेन विधान सभा की अनेक समितियों के सदस्य एवं सभापति रहें। श्री बिसेन वर्ष 1998 एवं 2004 में लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए तथा लोकसभा की स्थाई समिति रक्षा, ऊर्जा, रेल, कृषि, खाद्य और नागरिक आपूर्ति सलाहकार समिति के सदस्य रहे। श्री बिसेन 25 दिसम्बर, 2000 से भा.ज.पा. किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, भा.ज.पा. अल्पसंख्यक मोर्चा और सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी भी रहे है। श्री गौरीशंकर बिसेन भारतीय जनता पार्टी के तीन बार प्रदेश उपाध्यक्ष, वर्ष 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सहकारिता मंत्री बने । श्री बिसेन वर्ष 2013 में चौदहवीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए एवं उन्हें किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का मंत्री बनाया गया। श्री बिसेन वर्ष 2018 में सातवीं बार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। श्री गौरीशंकर बिसेन ने 26 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्री-मण्डल में केबिनेट मंत्री पद की शपथ ग्रहण की।

राजेन्द्र शुक्ल : श्री शुक्ल वर्ष 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवास एवं पर्यावरण रहे। वे वर्ष 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, जैव विविधता तथा जैव प्रौद्योगिकी, खनिज साधन, विधि और विधायी कार्य और ऊर्जा मंत्री रहे। उन्हें 14 सितम्बर 2012 को मंत्री ऊर्जा, खनिज साधन बनाया गया। श्री शुक्ल वर्ष 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए तथा उन्हें मंत्री, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, खनिज साधन, जनसम्पर्क, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार, प्रवासी भारतीय विभाग का मंत्री बनाया गया। श्री राजेन्द्र शुक्ल वर्ष 2018 में चौथी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए। श्री शुक्ल ने 26 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्री-मण्डल में केबिनेट मंत्री के पद की शपथ ग्रहण की।

राहुल सिंह लोधी : श्री लोधी भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं। वे वर्ष 2018 में विधानसभा सदस्य के रूप में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-47 खरगापुर से निर्वाचित हुए हैं। श्री लोधी ने 26 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्री-मंडल में राज्य मंत्री पद की शपथ ग्रहण की।

चंदयान-3 मिशन पर प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट नाम मिला

बेंगलुरु, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां घोषणा की कि चंद्रयान-3 मिशन के लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट' के नाम से जाना जाएगा। इसरो आए पीएम ने कहा कि चंद्रयान-2 की लैंडिंग वाले स्थान को तिरंगा बिंदु कहा जाएगा, जबकि चंद्रमा पर विक्रम लैंडर के उतरने का दिन (23 अगस्त) देश में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के इसरो कमांड सेंटर में वैज्ञानिकों की सभा को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं। पीम ने कहा, भारत ने उस टचडाउन प्वाइंट का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का फैसला किया है, जहां विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। चंद्रमा का शिव शक्ति प्वाइंट हिमालय से कन्याकुमारी तक एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि शिव शक्ति प्वाइंट भावी पीढ़ियों को मानवता के कल्याण के लिए विज्ञान के उपयोग की दिशा में प्रेरित करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रमा पर वह प्वाइंट जहां चंद्रयान मिशन-2 ने निशान छोड़े हैं उसे 'तिरंगा' कहा जाएगा।

प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों की पीठ थपथपाई

शनिवार सुबह इसरो पहुंचने पर प्रधानमंत्री का इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) के निदेशक बी.एन. रामकृष्ण और यू.आर. राव सैटेलाइट सेंटर के निदेशक एस. शंकरन ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने तीनों वैज्ञानिकों को गले लगाकर स्वागत किया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, उन्होंने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

शिवशक्ति पॉइंट के चारों ओर घूम रहा रोवर

अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने शनिवार को एक और नया वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रज्ञान दक्षिण ध्रुव पर रहस्यों की खोज में शिव शक्ति बिंदु के चारों और घूमता हुआ नजर आ रहा है। विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर दोनों ही सौर उर्जा से संचालित हैं। इन्हें चांद की रोशनी वाली जगह पर ठीक से पहुंचाया गया है।

लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस में हादसा

मदुरै में ट्रेन में लगी आग, 10 की मौत

रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे यात्री

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक यात्री में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। रेलवे सूत्रों ने बताया कि यह घटना शनिवार तड़के लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस में हुई।

सूत्रों ने बताया कि सभी मृतक उत्तर प्रदेश के थे और रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। प्रभावित कोच में 55 यात्री थे, जिसे शुक्रवार को नागरकोइल में जोड़ा गया था। सूत्रों ने बताया कि खाना पकाने के लिए अवैध रूप से कोच के अंदर ले जाए जा रहे गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग लगी। इस बीच, घायल हुए 20 लोगों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन मदुरै रेलवे स्टेशन से 1 किमी दूर एक यार्ड में खड़ी थी और यात्री दर्शन के लिए मीनाक्षी मंदिर के लिए निकलने वाले थे। अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। ट्रेन जब मदुरै रेलवे स्टेशन पहुंची तो कई लोग उतर चुके थे। मदुरै जिला कलेक्टर संगीता ने मीडियाकर्मियों को बताया कि घायलों को अस्पतालों में भेज दिया गया है और इलाज चल रहा है।

बिहार सरकार ने मंत्रियों के निजी सचिवों के पर कतरे

पटना, एजेंसी। बिहार सरकार ने मंत्रियों के निजी सचिवों के रूप में काम कर रहे लोगों को सलाह दी है कि वे विभागों के कामकाज से संवाद करने से बचे तथा कहा गया है कि स्वयं को मंत्री के गैर-सरकारी कार्यों तक ही सीमित रखें।

बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने सभी विभागों के मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव और सचिव को पत्र भेजकर यह कहा है कि मंत्रियों के आप्त सचिव (सरकारी) एवं आप्त सचिव (वाह्य) के कार्यों के आवंटन से संबंधित स्पष्ट आदेश निर्गत नहीं हैं, जिससे इनके कर्तव्यों के निर्धारण से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पत्र में कहा गया है कि सरकारी आप्त सचिव प्रशासनिक सेवाओं के पदाधिकारी होते हैं। उन्हें सरकारी नियमों, प्रक्रियाओं आदि की विस्तृत जानकारी एवं कार्यानुभव होता है। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि मंत्रियों के आप्त सचिव (सरकारी) के द्वारा सरकारी संचिकाओं से संबंधी कार्य, मंत्री के आदेशानुसार सरकार के पदाधिकारियों से पत्राचार संबंधी कार्य एवं मंत्री द्वारा सौंपे गये अन्य सरकारी कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आप्त सचिव (वाह्य) का पूर्वानुभव एवं ज्ञान सरकारी आप्त सचिव से भिन्न होने के कारण वे मंत्री के यात्रा, भ्रमण कार्यक्रम से संबंधित कार्य, गैर-सरकारी एवं सामान्य जन से साक्षात्कार के समय निर्धारण सहित अन्य कार्य एवं मंत्री द्वारा सौंपे गए अन्य गैर-सरकारी कार्य करेंगे। पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि आप्त सचिव (वाह्य) किसी विभागीय अधिकारी के साथ विभागीय कार्य से संबंधित अपने स्तर पर मौखिक विमर्श, समीक्षा, दिशा निर्देश अथवा लिखित पत्राचार नहीं करेंगे।

बंगाल के जलपाईगुड़ी में बाढ़ जैसे हालात

कोलकाता, एजेंसी। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में मूसलाधार बारिश के बाद तीस्ता और कराला नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शहर में घरों और अन्य जगहों में पानी भर गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 25 के अंतर्गत पारस मित्रा कॉलोनी के निचले इलाके हैं, जहां कई लोग विस्थापित हो गए हैं क्योंकि उनके घरों में नदी का पानी भर गया है। जलपाईगुड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष स्वरूप मंडल के नेतृत्व में एक बचाव दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है और प्रभावित लोगों को सूखे इलाकों में ले जाया है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों के दौरान भारी और लगातार बारिश के कारण दोनों नदियों में जल स्तर बढ़ गया है। वार्ड नंबर 25 की पार्षद पौषाली दास ने पुष्टि की, कि करीब 350 परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को बाढ़ आश्रय स्थलों या अन्य क्षेत्रों में दोस्तों या रिश्तेदारों के घरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा कई मवेशी भी प्रभावित हुए हैं। हम यथासंभव अस्थायी आश्रय और भोजन प्रदान करके उन्हें बचाने और उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, नदी का पानी बढ़ने से वार्ड नंबर 1 और 3 के कुछ हिस्सों में भी बाढ़ आ गई है।

मुजफ्फरनगर में धार्मिक भेदभाव के आधार पर छात्र की पिटाई का मामला, राहुल ने कहा-

भाजपा का केरोसिन देश के कोने-कोने में फैला

बोले, बच्चों को नफरत नहीं, मोहब्बत सिखानी है

नई दिल्ली, एजेंसी। शनिवार को उत्तर प्रदेश में धार्मिक भेदभाव के आधार पर एक क्लास टीचर द्वारा अन्य बच्चों से एक छात्र की पिटाई कराने की घटना की राहुल गांधी ने निंदा की है।

कांग्रेस नेता ने कहा, मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का जहर घोलना, स्कूल जैसे पवित्र स्थान को नफरत का बाजार बनाना, एक शिक्षक देश के लिए इससे बुरा कुछ नहीं कर सकता है। यह भाजपा का फैलाया हुआ वही केरोसिन है जिसने भारत के कोने-कोने में आग लगा रखी है। मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में एक प्राइवेट स्कूल है। स्कूल का एक वीडियो वायरल हो रहा है। स्कूल में क्लास टीचर धार्मिक भेदभाव के आधार एक छात्र को अपने टेबल के पास खड़ा करके दूसरे छात्रों से पिटवा रही हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया और कहा कि 'बच्चे भारत का भविष्य हैं। उनको नफरत नहीं, हम सबको मिल कर मोहब्बत सिखानी है। कांग्रेस नेता ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा था कि भाजपा ने देशभर में नफरत का केरोसीन फैला दिया है। इसे मुहब्बत की आग से ही बुझाया जा सकता है।

> भाजपा ने देशभर में नफरत का केरोसीन फैला दिया है। इसे मुहब्बत की आग से ही बुझाया जा सकता है : राहुल गांधी

मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का ज़हर घोलना, स्कूल जैसे पवित्र स्थान को नफरत का बाजार बनाना, एक शिक्षक देश के लिए इससे बुरा कुछ नहीं कर सकता। ये भाजपा का फैलाया वही केरोसिन है जिसने भारत के कोने-कोने में आग लगा रखी है। बच्चे भारत का भविष्य हैं, उनको नफ़रत नहीं, हम सबको मिल कर मोहब्बत सिखानी है।

अध्यापिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

मुजफ्फरनगर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक स्कूल में बच्चे की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद इसकी आलोचना हो रही है। इस मामले पर पुलिस ने अध्यापिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया है कि खुब्बापुर गांव स्थित स्कूल की अध्यापिका द्वारा एक छात्र के होमवर्क न करने पर उसे कक्षा के अन्य छात्रों से पिटवाने और उसके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में छात्र के पिता ने तहरीर दी है। मंसूरपुर पुलिस द्वारा 323, 504 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं, शिक्षिका तृप्ता त्यागी ने अपना वीडियो बयान जारी करते हुए सफाई दी है। उन्होंने कहा, मेरा इरादा किसी की धार्मिक और सामाजिक भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। वीडियो छेड़छाड़ के बाद प्रसारित किया गया है। वह दिव्यांग हैं, बच्चों को कंट्रोल करने के लिए यह कदम उठाया था।

भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का परिणाम



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी अन्य बच्चों से एक छात्र की पिटाई कराने की घटना की निंदा करते हुए इसे भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का परेशान करने वाला परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं देश की वैश्विक छवि को खराब करती हैं और संविधान के खिलाफ हैं। ऐसी घटनाएं हमारी वैश्विक छवि को धूमिल करती हैं। ये संविधान के खिलाफ है।

नफरती राजनीति, देश को यहां ले आई

इस मामले में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को मुजफ्फरनगर जिले की उस शिक्षिका को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की, जिसने अपने छात्रों को अल्पसंख्यक समुदाय के एक छात्र को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के लिए कहा था। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कथित वीडियो को सपा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुए यह मांग उठाई, जिसे पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पुनः पोस्ट किया। 'एक्स' पर सपा ने भाजपा और आरएसएस निशाना साधते हुए कहा, भाजपा और आरएसएस की नफरती राजनीति, देश को यहां ले आई!

सार समाचार

खाद्य विभाग ने भरे सैंपल

PREMANSH Dairy&

गुना, देशबन्धु। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन एवं लखन लाल कोरी द्वारा फर्म प्रमांश डेयरी एण्ड एव्हरफ्रेश ऊपरी बाजार, कैन्ट, गुना का निरीक्षण कर दूध, पनीर एवं घी एवं फर्म शिव बक्श हामीरचन्द सदर बाजार, मधुसूदनगढ़ से सरसों तेल, मूँगफली तेल एवं कुकिंग मीडियम के नमूने जाँच हेतु लिये गये। उक्त नमूनों को जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है।

आज रहेगी बिजली गुल

गुना, देशबन्धु। मेंटीनेंस के चलते रविवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को मेंटीनेंस कार्य के चलते विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। इस दौरान प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक 33 केव्ही नानाखेडी फीडर अंतर्गत हनुमान टेकरी, शिवपुरम कालोनी, पुरानी छावनी, बूढेबालाजी, चांदशाहबली आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

युवा मोर्चा ने निकाली मोटरसाईकिल रैली

गुना, देशबन्धु। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से भाजपा झंडा बैनर के साथ बाइक रैली निकाली। रेली को उत्तर प्रदेश से आई प्रवासी विधायक मंजू त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जिला संगठन प्रभारी गोपाल आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक गोपीलाल जाटव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़, भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन सहित युवा मोर्चा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु बाइक पर सवार होकर एवं भाजपा के झंडे और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मुख्य मार्ग से निकले। रैली अंबेडकर भवन गुना से आरंभ होकर हनुमान चौराहा, हाट रोड, निचला बाजार, सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहा, एवी रोड होते हुए नवलोक पहुंच रैली का समापन किया गया।

एमजीजीएसके वीएलई संघर्ष समिति ने पंचायत मंत्री को दिया ज्ञापन

मानदेय नहीं दिया गया तो चुनावों में सबक सिखाएंगे

गुना, देशबन्धु। पिछले 37 माह से बिना मानदेय के काम करा रही है मप्र सरकार आज तक 1 रुपये का भी भुगतान वीएलई को नहीं हुआ है। एमजीजीएसके वीएलई संघर्ष समिति,मप्र कमेटी के बैनर तलें आंदोलन जारी है। आगामी 12सितम्बर को भोपाल में राज्यस्तरीय आंदोलन का आह्वान भी किया है। इस दौरान समिति ने बमोरी विधायक एंवं पंचायत मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश कोर कमेटी सदस्य मनोज रजक ने ने बताया कि भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय एवं सीएससी ई-गवर्नेंस इंडिया लिमिटेड के मध्य हुए एमओयू के आधार पर इनोवेव आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के द्वारा प्रदेश में महात्मा गांधी ग्राम सेवा केंद प्रदेश कि 5 हजार ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी ग्राम सेवा केंद्र संचालित किए जाने के लिए कार्यादेश जारी किए गए थे। जिसमें प्रत्येक वीएलई को प्रतिमाह निश्चित मानदेय देने का तय किया गया था। जुलाई 2020 में प्रदेश सरकार के द्वारा इस पपरियोजना को शुरू किया गया है। लेकिन उन्हें अभी तक भुगतान नहीं मिला है। ज्ञापन में एमजीजीएसके प्रोजेक्ट में कार्यरत सभी जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक का बकाया वेतन व सभी वीएलई, सखी का 37 माह का मानदेह का भुगतान अविलंब करने तथा महात्मा सेवा केंद्र परियोजना का सुचारू रूप से पुनः नियमित संचालन करने की मांग की गई।

स्वीप अभियान के तहत वाहनों में लगाए क्यूआर कोड

यह क्यूआर कोड स्कैन कर मतदाता सूची में दर्ज करवाएं अपना नाम

गुना, देशबन्धु। सीएमओ आरोन ने बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आरोन नगर में मतदाता जागरूक अभियान जारी है। इसी क्रम में आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद कार्यालय आरोन में विशेष मतदाता पुनरीक्षण 2023 के अभियान के लिए क्यूआर कोड पोस्टरों को नगर के मुख्य स्थानों पर एवं नगर परिषद के वाहनों में क्यूआर कोड पोस्टर लगाए गए एवं मुनादी के माध्यम से मतदाता जागरुक अभियान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यह क्यूआर कोड स्कैन कर मतदाता अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सीएमओ दिनेश कुमार सोनी, स्वीप नोडल गौरव ओझा एवं नगर परिषद आरोन के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

चित्रकला का आयोजन : वहीं आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय कर्नलगंज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागृत करने हेतु नुक्कड़ नाटक किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मुकेश जैन व विद्यालय का समस्त स्टाफ, स्वीप टीम में गुना विकासखंड प्रभारी आशुतोष श्रीवास्तव बी.ई.ओ, योगेश तिवारी प्राचार्य, गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव,अवधेश अवस्थी, आशीष दुबे ने उपस्थित होकर छात्रों को मतदान का महत्व समझाया।

चांचौड़ा में निकाली रैली : इसके अलावा शासकीय सीएम राईज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांचौड़ा में विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने मतदान के प्रति जागरूकता से संबंधित रंगोली का चित्र बनाकर मनमोहक प्रस्तुति प्रदान की। इसके बाद सभी छात्र-छात्राएं स्कूल प्रांगण से निकलकर बस स्टैंड चांचोड़ा तक एक विशाल मतदाता रैली का आयोजन किया गया। रैली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राईज स्कूल से होती हुई बस स्टैंड पर पहुंची, वहां पर प्राचार्य द्वारा सतीश चंद्र गुप्ता, अशोक कुमार मीणा, कृष्ण कुमार मीणा, डॉक्टर सोनिया गौतम, शिवम रघुवंशी, महेंद्र शर्मा, अंजू शर्मा, निहारिका शर्मा, सोनू नागर एवं व्यायाम शिक्षक कीड़ा प्रभारी श्री मनोज शोपरा द्वारा उद्बोधन दिया गया और जन समुदाय को मतदान करने के प्रति शपथ दिलाई गई। साथ में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनायक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 4 पार्षद भाजपा में हुए शामिल

गुना, देशबन्धु। लंबे कयासों के बाद आखिरकार नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, नपा उपााध्यक्ष धरम सोनी के अलावा 4 पार्षदों की भाजपा में वापसी हो गई है। एक साल से निष्कासन झेल रहे इन नेताओं की शनिवार को हाट रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर घर वापसी हुई। इसके पूर्व लंबे समय से नपाध्यक्ष भाजपा में वापसी के प्रयास कर रहे थे। शनिवार को जिला संगठन प्रभारी गोपाल आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक गोपीलाल जाटव ने नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, वार्ड 3 से बबीता साहू, वार्ड 18 से कैलाश धाकड़, वार्ड 9 से सुमन लोधा एवं वार्ड 16 से दिनेश शर्मा को भाजपा की पट्टी पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण दिलाई।

इस मौके पर नपाध्यक्ष सविता गुप्ता के पति अरविंद गुप्ता ने बताया कि हम सभी लोग भाजपा के निशान पर ही चुनाव जीते थे। नपा भी भाजपा की रीति नीति के अनुसार ही काम कर रही है। लेकिन अध्यक्ष के चुनाव के समय हमें कुछ भूल हुई थी जिस पर पार्टी नेतृत्व में उन्हें निष्कासित किया था। श्री गुप्ता के अनुसार नपा जब से गठित हुई तब से ही भाजपा की रीति नीति के अनुसार काम कर रही है। हमारा प्रयास रहेगा कि हमसे ऐसा कोई काम नहीं होगा, जिससे पार्टी को नुकसान होगा। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पंचायत मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, विधायक गोपीलाल जाटव, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, संगठन प्रभारी श्री आचार्य को धन्यवाद देता हूं।

कल गुना बीना मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे सांसद

गुना, देशबन्धु। गुना-अशोकनगर की लाइफ लाइन कही जाने वाली गुना-बीना (मेमू) ट्रेन के पिछले दिनों रेलवे मंत्रालय द्वारा स्वीकृति आदेश जारी किए गए थे। अब 28 अगस्त सोमवार को प्रातः 10 बजे गुना रेलवे स्टेशन से गुना-शिवपुरी-अशोकनगर सांसद डॉ. केपी यादव उक्त ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर सांसद डॉ. केपी यादव ट्रेन में यात्रा करते हुए मुंगावली स्टेशन तक जाएंगे तथा मार्ग में आने वाले स्टेशनों पर स्थानीय नागरिक ट्रेन का भव्य स्वागत करेंगे।

गौरतलब है कि गुना-बीना मेमू ट्रेन की क्षेत्रीय जनता द्वारा बार-बार मांग की जा रही थी, जिसको लेकर सांसद डॉ0 के0पी0 यादव ने प्रयास किया तथा आज इस ट्रेन को रेल मंत्रालय द्वारा पुनः प्रारंभ नए स्वरूप में किया जा रहा है। सांसद डॉ0के0पी0यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल इस ट्रेन का एक फेरा शुरू किया जा रहा है, लेकिन जैसे-जैसे इसका प्रचार-प्रसार व यात्रियों की मांग बढ़ेगी पुनः इसके दो फेरे अर्थात चार चक्कर प्रारंभ कर दिए जाएंगे। सांसद डॉ.के.पी यादव ने क्षेत्र की जनता से इस ट्रेन स्वागत करने की अपील की है।

सटोरिया पुलिस के हत्थे चढ़ा

गुना, देशबन्धु। कैंट पुलिस द्वारा मुंशीपुरा क्षेत्र से सट्टा पर्ची काट रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर कमीशन देने वाले एक अन्य सटोरिए पर मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि मुंशीपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति एक रुपए के बदले 80 रुपए देने का प्रलोभन देकर सट्टा खिला रहा है। उक्त सूचना पर मौके पर पहुंची ने पुलिस को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम इरशाद अली पुत्र शमशाद अली निवासी मुंशीपुरा कैंट का होना बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि यह काम वह शाकिर अली निवासी मुंशीपुरा द्वारा कमीशन के लालच में कराया जाता है। पुलिस ने आरोपी इरशाद को गिरफ्तार सट्टे की पर्ची एवं 470 रुपए नगद बरामद किए। वहीं दोनों पर धारा 4 (क) ध्रुत कीड़ा अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

मरघट के पास से धारदार बका के साथ आरोपी गिरफ्तार

इधर कैंट पुलिस ने मरघटशाला के पास से एक बदमाश को अवैध धारदार हथियार बका के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाका भ्रमण के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मरघटशाला के पास एक व्यक्ति धारदार बका लिए घूम रहा है। उक्त सूचना पर मौके पर दबिश देकर पुलिस ने आरोपी राजकुमार लोधा पिता रामलाल लोधा निवासी ग्राम उमरिया को घेराबंदी कर धरदबोचा। जिससे पुलिस ने लोहे का बका बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

ग्राम पंचायत खड़ी और टिटोरिया में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

आष्टा, देशबन्धु। ग्राम खड़ी में ज़िला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा अपने मद से अनुसूचित वर्ग की बस्ती में मांगलिक भवन निर्माण लागत राशि 7 लाख रुपए के भूमिपूजन एवं ग्राम पंचायत टिटोरिया में पंचायत भवन के अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन और अन्य कार्यों के लिए लागत राशि 5 लाख रुपए प्रदान किए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आशीर्वाद से विकास कार्यों में कमी नहीं आने दूंगा। प्रत्येक ग्राम में विकास की गंगा बहाना है और पुनः विधानसभा चुनाव और लोक सभा चुनाव में कमल खिलाना है 20 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की गई। टिटोरिया से खामखेड़ा रोड को भी जल्द बनाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत मुख्यमंत्री द्वारा प्रशंसा पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, जिला पंचायत सदस्य सुनील फरेला, मैना मंडल अध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, सरपंच खड़ी मनोहर पटेल टिटोरिया, सरपंच इंदर सिंह राणा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उपसरपंच, पंच सचिव ग्रामीण जन उपस्थित थे।

---

80 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

गुना, देशबन्धु। कुंभराज पुलिस द्वारा राजस्थान बॉर्डर के बड़ागांव चेंकिंग पाईण्ट पर 80 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन चैंकिंग के दौरान पुलिस को खुरई राजस्थान तरफ से एक व्यक्ति बाईक क्रमांक एमपी 08 जेडए 4218 से आता दिखा। जो अपनी मोटर सायकिल के दोनों ओर प्लास्टिक की नीले कलर की कैने टांगे हुए था। नाके पर पुलिस को देखकर आरोपी अचानक मुडक़र भागने लगा। जिससे संदिग्ध देखते हुए पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील पुत्र बद्रीलाल अहिरवार निवासी सूजाखेड़ी थाना धरनावदा बताया। आरोपी के पास से पुलिस ने 40-40 लीटर की दो कैनों से हाथ भट्टी की बनी अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

केनों में भरकर रखी थी शराब : धरनावदा पुलिस ने पार्वती नदी पुल के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 80 लीटर अवैध शराब बरामद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर पुल पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को दो 40-40 लीटर की केनों के साथ बैठा देखा। जिसे घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा तो उसने अपना नाम सुरेश पुत्र रामकिशन अहिरवार निवासी पगारा टपरा थाना धरनावदा बताया। पुलिस ने दोनों केनों से 40-40 लीटर अवैध शराब बरामद कर आरोपी को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया।

शासकीय कार्य में लापरवाही अक्षम्य

सीएमओ सक्सेना ने ली राजस्व अमले की बैठक, किया निर्देशित, कहा

आष्टा, देशबन्धु। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ नगरपालिका को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य भी किया जा रहा है, जिसके चलते नगरपालिका के सभाकक्ष में राजस्व अमले की सामूहिक बैठक ली गई। जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सक्सेना ने सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर एवं उनको सौपे गए दायित्वों की जानकारी लेकर निर्देशित किया गया कि नगरपालिका की बकाया वसूली के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। राजस्व प्रभारी मनोहर जावरिया सहित सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं सहायकों को हिदायत देते हुए कहा कि वसूली का कार्य नगरपालिका के लिए मुख्य कार्य है जिसमें लापरवाही बरतना माफी के योग्य नहीं है।

आप दुकान किराया बकाया वसूली, जलकर वसूली एवं संपत्ति कर, सामेकित कर की बकाया राशि की वसूली हेतु दल गठित कर वूसली कार्य को सक्रियता के साथ अंजाम दे। प्रतिदिन वसूली कार्य करने के पश्चात् प्रभारी राजस्व निरीक्षक मनोहर जावरिया निकाय सायं 5.30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता को रिपोर्ट प्रस्तुत कर उसी दिन ऑनलाईन रसीदे भी पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें।

सहरिया आदिवासियों को बताया उनके वोट का महत्व

शिवपुरी, देशबन्धु। जिला प्रशासन द्वारा इस समय मतदाताओं को जागरुक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। इसी कड़ी में शिवपुरी जनपद पंचायत के हातौद ग्राम पंचायत के सहरिया आदिवासी बस्ती में यहां पर सहरिया आदिवासी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर सहरिया आदिवासियों को उनके वोट का महत्व बताया गया।

इस मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी,सहायक नोडल उद्योग विभाग सहायक संचालक संदीप उइके, ओबीसी विभाग निकिता तामरे सहित कई अधिकारी और ग्राम पंचायत सरपंच सरवन आदिवासी, सचिव मोहन गुप्ता, सह सचिव मिल्ट्री सिंह आदिवासी, ग्राम वासी मनीष मेहरोत्रा, गुरवीर सिंह, त्रिलोक सरीन, सरदार गुरबक्श सिंह, मोहन सरीन सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही माफ नहीं की जाएगी : कलेक्टर

शिवपुरी, देशबन्धु। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी में समस्त विधानसभा क्षेत्रों के मास्टर ट्रेनरों का विधानसभा निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी.गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर बृजेंद्र यादव, मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर पवन श्रीवास्तव, प्रोफेसर एस.एस. खंडेलवाल सहित मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण जितना अच्छे ढंग से लिया जाएगा, उतना ही अच्छे ढंग से निर्वाचन का कार्य किया जा सकेगा। प्रशिक्षण के समय बताए जा रहे महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट करें और फिर उनकी प्रेक्टिस करें ताकि परिणाम अच्छे प्राप्त हो। टीमवर्क के साथ कार्य करें, नवाचार करें, स्वीप गतिविधियों में भाग लें। निर्वाचन के समय यदि कोई व्यक्ति कार्य में बाधा उत्पन्न करता है तो संबंधित के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कराएं।

उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए इसकी भी पूरी व्यवस्था करें। निर्वाचन के कार्यों को सख्ती के साथ किया जाए। अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें। निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही माफ नहीं की जाएगी। एडवांस वर्जन के साथ कार्य करें, प्रीपोल, जूरिक पोल, मॉक पोल पर अच्छे से प्रशिक्षण दिया जाए। नेशनल लेवल के मास्टर ट्रेनर से भी सहायता ले सकते हैं।

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचन की बारीकियां से अवगत कराना है जिससे वे अपने-अपने क्षेत्र में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित कर सकें।

इस मौके पर मास्टर ट्रेनर विकास भार्गव एवं देवेंद्र कुमार कोहली को सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ई.व्ही.एम., वी.वी.पेट का मॉक ड्रिल कराकर प्रशिक्षित किया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों की चुनाव संबंधी शंकाओं का समाधान किया गया।

सर्किल जेल शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर

शिवपुरी, देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निर्देशन में एवं जिला न्यायाधीश सचिव अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में पंचम जिला न्यायाधीश विवेक पटेल द्वारा आज सर्किल जेल शिवपुरी का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बैरिक में जाकर बंदियों से उनके प्रकरणों के संबंध में चर्चा की गई जैसे विचरण की स्टेज, यदि सजा हुई है तो अपील कि स्थिति, जमानत आवेदन एवं निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ की। साथ ही बंदियों को प्रदाय किए जाने वाले भोजन, पानी, स्वास्थ्य, मनोरंजन, शिक्षा, मुलाकात आदि के प्रावधानों के संबंध में चर्चा की गई। उसके बाद सर्किल जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित बंदियो को पंचम जिला न्यायाधीश विवेक पटेल के द्वारा निशुल्क विधिक सहायता, जेल लोक अदालत, प्लेबारगेनिंग प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार चढ़ार ने जेल लीगल एड क्लिनिक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना, विधिक सहायता पैनल एवं जमानतीय प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक रमेशचंद्र आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेंद्र कुमार चढ़ार एवं जेल उपाधीक्षक दिलीप सिंह सहित अन्य स्टाफ एवं बंदी उपस्थित रहे।

आरोन क्षेत्र में स्नेह यात्रा का हुआ आयोजन

गुना, देशबन्धु। समन्वयक जनअभियान परिषद द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्नेह यात्रा का आज आरोन के ग्राम रुसल्ला, सिरसी, सेमरखेडा, बरोद, सालय में आयोजित की गई। जिसमें स्वामी भागवतानंद सरस्वती जी द्वारा धर्म व आध्यात्म के बारे मे विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए बताया की हम कुत्ते से भी बैर रखेंगे तो वह भी आपको भूखने लगेगा। इस पृथ्वी पर जो भी जीव चाहे छोटा हो या बडा़ सब हरी की संतान है।

विधायक ने 5 साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया

आष्टा, देशबन्धु। *भाजपा विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय और प्रवासी विधायक डॉ.डीसी वर्मा द्वारा बीते 5 साल के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश किया गया। जिसमें विकास कार्यों का ब्यौरा पेश किया, अधूरे कार्यों के बारे में भी बताया। पत्रकारवार्ता में पत्रकारों ने अन्य विधानसभाओं के मुकाबले आष्टा को कम मिली राशि पर सवाल उठाया, जिसका विधायक ने गोलमोल जवाब दिया।*

ऐसे सवाल यह उठता है कि उन्हें अपनी उपलब्धियों के रिपोर्ट कार्ड बताते समय उन्हे यह भी बताना था कि विगत 30 वर्षो से आष्टा विधानसभा क्षेत्र. में लगातार भाजपा के विधायक रहे। स्वयं वर्तमान विधायक का भी यह दूसरा कार्यकाल है। उसके बाद भी मूलभूत सुविधा से वंचित बीसूखेड़ी,विधायक को नही जानते रहवासी लेकिन उनके विघानसभा क्षेत्र के कई ग्राम आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित होकर बिजली पानी सड़क स्कूल भवन के लिए तरस रहे हैं। इसके अलावा सड़के, नल-जल-योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की स्थिति को उपलब्धि नहीं कहा जा सकता।

समस्या बताने पर युवक से छीना माईक, लगाई फटकार : *विकास यात्रा के दौरान जब विधायक रघुनाथ सिह रोलागांव पहुचे, तो स्थानीय युवक द्वारा हाथ मे लेकर समस्या बताने लगा। विधायक ने उसे डांटकर माइक छीन लिया, शिक्षा के भी क्षेत्र में हाल बेहाल है। विधानसभा क्षेत्र के लगभग 43 गांव में स्कूलों की हालत जर्जर है, कहीं प्लास्टर गिर रहा है। तो कही बारिश का पानी टपकता है। आज भी कई गावों में शिक्षा प्राप्त करने जा रहे नौनिहालों को बाहर खुले में बैठकर पढ़ाई करनी पढ़ती है। 137 बच्चों वाले ग्राम नानकपुर में छात्र छात्राओं के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान तक नहीं है। कई अन्य स्कूलों की भी कमोबेश यही स्थिति है।*

3 दिन छुट्टी के बाद पटवारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़े तो पुलिस ने रोका, 2 घंटे सड़क पर ही दिया धरना

भोपाल, देशबन्धु। वेतनमान विसंगति दूर करने, वेतनवृद्धि और पदवृद्धि जैसी मांगों को लेकर बीते तीन दिन से सामूहिक अवकाश पर रहने के बाद प्रदेशभर से हजारों पटवारी शनिवार को राजधानी भोपाल में जुटे। पटवारियों ने यहां तिरंगा यात्रा निकाली। लकिन वे अटल पथ से मुख्यमंत्री निवास के लिए बढ़े, तो पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। पुलिस के रोकने के बाद पटवारी सड़क पर ही बैठ गए और 2 घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद ही वे हटे। पटवारियों के इस प्रदर्शन में कोटवार भी शामिल हुए। इन सभी ने मांगें पूरी नहीं होने पर 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही है।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि वेतन बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर हम चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। इसके पहले चरण में 21 अगस्त से सभी सरकारी व्हटस्अप समूह से विरक्त हो गए थे और ऑनलाइन काम का बहिष्कार किया था। दूसरे चरण में 23 से 25 अगस्त तक 3 दिन तक सामूहिक अवकाश पर रहे। अब शनिवार को प्रदेशभर से हजारों पटवारी राजधानी भोपाल में तिरंगा यात्रा निकाली यात्रा के लिए पटवारी

अटल पथ पर एकजुट हुए थे और वह यहां से सुबह साढ़े 11 बजे हाथों में तिरंगा लेकर शांतिपूर्वक यात्रा निकालते हुए मुख्यमंत्री निवास तरफ बढ़ रहे थे। यह किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं था, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही उन्हें बैरिकेड लगाकर रोक दिया। पुलिस के रोकने के बाद पटवारी सड़क पर ही बैठ गए और 2 घंटे तक अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजीकर प्रदर्शन करते रहे। बाद में अफसरों की समझाइश पर वे हटे। प्रदर्शन में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, शाजापुर, विदिशा, रायसेन और सीहोर समेत प्रदेशभर से पटवारी शामिल हुए। श्री बघेल ने मांगें पूरी नहीं होने पर 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही है।

महिला कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के लिए सौंपी राखी

भोपाल, देशबन्धु। एनएचएम संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य सपोर्ट स्टाफ संघ मध्य प्रदेश द्वारा राष्टीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) से हटाकर रोगी कल्याण समिति वा आउटसोर्स किए गए सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों एवं निष्कासित कर्मचारियों को विभाग में रिक्त पदों पर समायोजन किए जाने की मांग को लेकर स्टॉफ की महिलाएं अपने अपने हाथों में राखी एवं फूल माला लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंची। वहां उन्होंने मुख्यमंत्री के लिए राखी भेंट कर अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई। यहां मौजूद महिला कर्मचारियों ने कहा कि अगर जल्द ही इस मामले में निर्णय नहीं हुआ तो वह अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठेंगी।

लाड़ली बहना सम्मेलन आज, बदले रहेंगे कई मार्ग

भोपाल, देशबन्धु। जंबूरी मैदान में रविवार को लाड़ली बहना सम्मेलन होना है। इस वजह से रविवार को सुबह आठ बजे से भेल क्षेत्र के कई मार्ग पर वाहन परिवर्तित रहेंगे। इसके अलावा विभिन्न जिलों से नियमित चलने वाली यात्री बसों के लिए भी कुछ मार्ग बदले रहेंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, लाड़ली बहना सम्मेलन के कारण पटेल नगर बायपास, आनंद नगर, रत्नागिरी तिराहा, पिपलानी पेट्रोल पम्प तक के मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहेगा। ऐसे में सभी वाहन अवधपुरी से बीकानेर मिष्ठान भंडार, सुरभि इन्कलेव, रिषिपुरम चौराहा, चर्च चौराहा, विजय मार्केट, श्रीकृष्ण मंदिर, बरखेड़ा, गुलाब उद्यान, मस्जिद तिराहा, डीआरएम आफिस, हबीबगंज नाका अथवा हबीबगंज अण्डरब्रिज से 10 नम्बर मार्केट की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी तरह पिपलानी, अयोध्यानगर से आने वाले वाहन जेके रोड, आइटीआइ तिराहा, प्रभात चौराहा मार्ग से आवागमन कर सकेंगे।

वहीं होशंगाबाद, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल की ओर से आने वाली बसें 11 मील, हबीबगंज नाका होते हुए आइएसबीटी तक आएंगी। आइएसबीटी से आगे यात्री बसों का नादरा बस स्टैंड की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह सागर, छतरपुर, दमोह की ओर से आने वाली यात्री बसें पटेल नगर बायपास, 11 मील, हबीबगंज नाका होते हुए आइएसबीटी तक ही आ सकेंगी। वहीं इंदौर से भोपाल की ओर आने वाली बसें हलालपुर बस स्टैंड का उपयोग कर सकेंगी। इंदौर, उज्जैन की ओर से आने वाली यात्री बसों का हलालपुर बस स्टैंड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा । इसी तरह गुना, राजगढ़, ब्यावरा की ओर से आने वाली यात्री बसें मुबारकपुरा बायपास, गांधीनगर, लालघाटी चौराहा होते हुए हलालपुर बस स्टैंड का उपयोग कर सकेंगी। इन बसों को लालघाटी से शहर की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले वाहनों के मार्ग

इन्दौर की ओर से आने वाले- समस्त प्रकार के वाहन खजूरी सड़क, बकानिया डिपो होते हुए मुबारकपुर, लाम्बाखेड़ा, चौपड़ा कला, पटेल नगर बायपास, आनंद नगर से जम्बूरी मैदान कट पाईंट का उपयोग करते हुए वाहन पार्किंग में खड़े करेंगे। राजगढ़ (ब्यावरा) की ओर से कार्यक्रम में भाग लेने वाले- समस्त प्रकार के वाहन मुबारकपुर जोड़, लांबाखेडा जोड़, चौपड़ाकला जोड़, पटेल नगर बायपास, आनंद नगर से जम्बूरी मैदान कट पाईंट का उपयोग करते हुए पार्किंग में रखेंगे। सागर, रायसेन की ओर से आने वाले- समस्त वाहन पटेल नगर चौराहा से आनंद नगर पहुंचेंगे एवं जम्बूरी मैदान में बायीं ओर मुड़कर पार्किंग में खड़े होंगे। होशंगाबाद रोड की ओर से आने वाले-समस्त वाहन 11 मील से आउटर बायपास होकर पटेल नगर चौराहे से बायीं ओर मुड़कर आनन्द नगर के आगे जाकर बायीं ओर मुड़कर जम्बूरी मैदान पर पार्किंग में रखे जाएगें, जबकि। भोपाल शहर से आने वाले समस्त वाहन गोविंदपुरा मोड़ से महात्मा गांधी चौराहा से होते हुए अयप्पा मंदिर, गैस गोदाम होकर सेंट जेवियर स्कूल के पास पार्किंग में खड़े कर सकेंगे।

छात्रा से छेड़छाड़, गाल पर दांत काटने की कोशिश

भोपाल, देशबन्धु। शहर में महिलाओं के प्रति अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में पिछले कुछ दिनों से पीछा कर रहे युवक ने स्कूली छात्रा को सरेराह रोककर छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने छात्रा के गाल पर दांत से काटने की कोशिश की। शोर मचाने पर आसपास के लोग आए तो मनचला फरार हो गया। टीटी नगर थाना पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरों से आरोपी की तलाश कर रही है।

टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक नेहरू नगर निवासी 16 वर्षीय किशोरी 10वीं की छात्रा है। वह जवाहर चौक के पास कोचिंग में भी पढ़ने जाती है। शुक्रवार रात परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उसमें बताया कि वह रोजाना ई रिक्शा से कोचिंग पढ़ने जाती है। पिछले कुछ दिनों से कोचिंग के आसपास एक युवक उसे लगातार घूरता रहता था। दो दिन पहले युवक ने उसके सामने मोटर साइकिल अड़ा दी थी और जबरन बात करने की कोशिश की थी, लेकिन उसने अनुसुनी कर दी थी। शुक्रवार को फिर उसने रास्ता रोकते हुए उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। विरोध करने पर गाल पर काटने की कोशिश की। बचाव के लिए उसने शोर मचाया तो युवक वहां से भाग गया। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ छेड़छाड़, पोक्सो एक के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। उधर बैरागढ़ थाना पुलिस ने 17 वर्षीय 10 वीं की छात्रा की शिकायत पर उसके मोहल्ले में रहने वाले नाबालिग के खिलाफ छेड़छाड़ करने का प्रकरण दर्ज किया है।

आरजीपीवी ने संबद्ध कालेजों से

खेल प्रतियोगिता आयोजनों के लिए मांगा आवेदन

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) द्वारा प्रदेश के सभी संबद्ध कालेजों में सत्र 2023-2024 के लिए खेल आवेदन मांगे गए हैं।

आरजीपीवी के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. केटी चतुर्वेदी द्वारा सभी संबद्ध कालेजों के प्राचार्य या संचालकों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा संबद्ध कालेजों में विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाना है, इसलिए जो भी कालेज नोडल स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता अपने महाविद्यालय में कराने के इच्छुक हैं, वे दिए गए प्रारूप में अपना आवेदन पत्र 31 अगस्त तक अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में प्रस्तुत करें। आवेदन में प्रारूप अनुसार आयोजन के लिए मांगी गई जानकारी होना आवश्यक है। साथ ही आयोजन सचिव का नाम एवं मोबाइल नंबर भी आवेदन में अंकित होना अनिवार्य है। इसमें करीब 30 से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का जिक्र किया गया है। निर्देश में बताया गया है कि ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में यदि एक ही कैंपस से अलग-अलग आवेदन दिया जा रहा है, तो खेल अधिकारी एवं खेल मैदान अलग-अलग होना सुनिश्चित करना होगा। नोडल स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजने की जिम्मेदारी नोडल कराने वाले कालेज की होगी। इसके अलावा आवेदक संस्था को प्रस्तावित क्रीड़ा अधिकारी का नाम, पद, मोबाइल नंबर आदि का उल्लेख करना भी जरूरी किया गया है।

अग्निवीर भर्ती जारी

भोपाल, देशबन्धु। लाल परेड मैदान में मध्यप्रदेश के 22 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समैन का आयोजन होगा और मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जा रहा हैं।

चुनावी कार्य में लापरवाही बरतने पर कर्मचारी निलंबित

भोपाल, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने चुनावी कार्य में लापरवाही बरतने पर एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया। कर्मचारी ने बीएलओ और सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाने के कार्य में लापरवाही बरती थी। जानकारी के अनुसार सहायक ग्रेड-3 सुशील कुमार पांडेय को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-151 के बीएलओ और सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाने का कार्य सौंपा गया था। इस कार्य में उन्होंने लापरवाही बरती थी। इसके चलते यह कार्रवाई की गई। कर्मचारी पांडेय कार्यपालन यंत्री, विद्युत यांत्रिकी लाइट मशीनरी, संभाग जल संसाधन विभाग में पदस्थ हैं।

बैठक सम्पन्न: कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रशासनअकादमी के स्वर्ण जयंती हॉल में आयोजित सेक्टर ऑफिसरों एवं पुलिस सेक्टर ऑफिसर की संयुक्त समन्वय की बैठक निर्वाचन संबंधी अनेक निर्देश दिए। बैठक में जिले की सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाये गये सभी सेक्टर ऑफिसर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उपस्थित रहे।

आदित्या, श्रेया और जीवल अगले दौर में

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी के टीटी नगर स्टेडियम में मप्र बैडमिंटन लीग की दूसरी चयन स्पर्धा में अंडर 13 बालिका वर्ग में उज्जैन की श्रेया अग्रवाल ने जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अन्य मुकाबलों में भोपाल की प्रेक्षा भाटिया, अनविता माहेश्वरी सोमानी, कार्तिका पाठक और अर्ना सिंह, ग्वालियर की रोशनी ठाकुर, इंदौर की मिशीता मजुमदार ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। वहीं बालक वर्ग में भोपाल के स्वर्णिम विकास पांडे और अमित किशोर, नर्मदापुरम के अयांश सिंह, इंदौर के पार्थ शर्मा, उज्जैन के एकांश गुप्ता ने भी अपने अपने मुकाबले जीते।

अंडर 15 बालिका वर्ग में धार की मुस्कान जाट, भोपाल की आदित्या शर्मा, मन्नत सबलोक, देवास की प्रियांशी थपलियाल, इंदौर की जीवल बतरा और धारा सातालकर, उज्जैन की नियति चंदानी ने तथा बालक वर्ग में नीमच के अंगद मुछाल, ग्वालियर के सम्यक जैन और अभिनव शर्मा, इंदौर के प्रफुल्ल पाठक युधिश विरोधिया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर11बालक वर्ग में इंदौर के अवनिश नेकिए, कैवल्य अग्रवाल सिंगरौली के प्रयान धिराना, धार के हर्षवर्धन सिंह, उज्जैन के जयादित्य मित्तल , इंदौर के इशान अली, भोपाल के मोहम्मद अरहआन तथा बालिका वर्ग में भोपाल की आध्या तिवारी, स्वरा वैद्य, मान्यता राइकवार, अदिति परमार, भूमि कौशिक, इंदौर की ऐशानी गोयल, देवास की अन्वेशिका दुबे जीते। पुरुष वर्ग में भोपाल के हर्षित रघुवंशी और श्रेष्ठ परमार एवं आशीष प्रधान और तनवीर सिंह, धार के अवधेश जाट और ग्वालियर के विनय शर्मा, इंदौर के वत्सल सोमण और जबलपुर के भुवन चंद्र कोतिकाला पुरुष युगल के पहले दौर में जीते, भोपाल की आरोही शर्मा, डां ग्रेसी सिंह और धार की शिवानी चौधरी महिला एकल के दूसरे दौर में आई, भोपाल के ईशान पंत, धीरेंद्र कुशवाहा,तेजस वार्ष्णेय, आर्यन शर्मा, इंदौर के वरदान अग्रवाल, खरगोन के सार्थक कश्यप, ग्वालियर के अभिनव शर्मा, धार के पार्थ भट्ट, मंदसौर के प्रणव चौधरी अंडर 17 बालक के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।

एलएनसीटी में रग्बी कार्निवल का शुभारंभ

भोपाल, देशबन्धु। रग्बी फुटबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश रग्बी कार्निवल का शुभारंभ एलएनसीटी रायसेन रोड कैम्पस पर श्रीमती पूनम चौकसे चांसलर एलएनसीटी विद्यापीठ विश्वविधालय इंदौर द्वारा किया गया। उक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पंकज जैन ने बताया रग्बी कार्निवल 28 अगस्त तक चलेगी। इसमें शाजापुर, देवास, इंदौर, सीहोर, मंदसौर, रतलाम,जबलपुर, रायसेन, बैतूल, नर्मदापुरम आदि जिलों के स्कूलों की 35 टीमें अंडर 14 ओर अंडर 18 मै अपना जलवा बिखेंरेंगी। आज खेले गए मैच में एकलव्य स्कूल मक्सी, ओरियंटल स्कूल बुधनी, ब्राइट स्कूल ओ गंज,जिला नर्मदापुरम, शाजापुर कार्पोरेशन, कमलादेवी ट्रस्ट बुधनी, एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल, जीनियस स्कूल गोविंद तिलावत, कस्तूरवा हायर सेकंडरी स्कूल कालापीपल की टीमों ने अपने मैच जीते। प्रतियोगिता का आकर्षण लकी ड्रा है, जिसमें आकर्षक उपहार बच्चों को दिए जाते हैं।

जाहिर सूचना

हर खास एवं आम तथा जो इस से सम्बंधित हो को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने चंदन सिंह आत्मज शिवचरण सिंह, विनोद सिंह, तेजसिंह, सीमा, रंजना सभी आत्मज शिवचरण सिंह से उनके हक एवं स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति कृषि भूमि मौजा ग्राम कांदई हिम्मत खसरा नं. 457/1 रकबा 0.667 हेक्टेयर एवं खसरा नं 457/3 रकबा 0.667 हेक्टेयर संजू बाई, दुर्गेश सिंह, योगेश सिंह सभी आत्मजा गिरवर सिंह एवं खसरा नं. 457/6 रकबा 0.667 हेक्टेयर रेनू, नीतु पुत्री भगवान सिंह तथा खसरा नं. 457/7 रकबा 0.668 हेक्टेयर ललता बाई पत्नी रामसिंह एवं खसरा नं. 457/8 रकबा 0.668 हेक्टेयर को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से बयाना राशि अदा कर किया है । मेरा पक्षकार शीघ्र ही इस सम्पत्ति का पंजीकृत विक्रयपत्र अपने पक्ष मे निष्पादित करावेगा ।

अत: मेरे पक्षकार द्वारा उक्त ग्राम रैसलपुर स्थित कृषि भूमि / सम्पत्ति के किये गये अनुबंध पर अथवा इस सम्पत्ति के विक्रय पर किसी व्यक्ति, शासकीय अथवा अशासकीय संस्था निगमित निकाय, बैंक, आदि को कोई आपत्ति ऐतराज हो अथवा उक्त सम्पतित पर किसी का हक स्वामित्व एवं या आधिपत्य हो या कहीं रहन बंधक हस्तांतरित हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय मूल दस्तावेज के लिखित रूप से मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में दर्ज करावें । अन्यथा निकल जाने म्याद दर्ज कराई गयी आपत्ति मान्य एवं स्वीकार नहीं होगी और अनुबंध के अनुसार सम्पत्ति के सौदे का पालन कर पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया जावेगा ।

उक्तानुसार सूचना जाने।

इस सूचना पत्र का प्रकाशन मेरे द्वारा मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार किया गया।

भवदीय-**विनोद चौहान** अधिवक्ता
कार्या: सैफी ला चेम्बर, 13वीं लाईन, इटारसी
मोबाईल नं. 9425366942

इटारसी
दिनांक 19.04.2023

छऊ के माध्यम से प्रस्तुत किया असुर वध

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना में 26 अगस्त शनिवार को सुश्री सुनिता गांगोलिया एवं साथी, उज्जैन द्वारा मालवी गायन एवं जगन्नाथ चौधरी एवं साथी, पश्चिम बंगाल द्वारा पुरुलिया छाऊ की प्रस्तुति दी गई।

संग्रहालय के सभागार में आयोजित गतिविधि में जगन्नाथ चौधरी एवं साथी, पश्चिम बंगाल द्वारा पुरुलिया छाऊ की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने देवी और असुर के युद्ध को दर्शाया एवं रक्तासुर वध की कहानी को प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति करीब 40 मिनट की रही, जिसमें 15 कलाकारों ने सहभागिता की। प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने कई किलो की वेषभूषा का प्रयोग किया। इस वेषभूषा में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पूर्व प्रस्तुति का प्रारंभ मालवी गायन से हुआ, जिसमें उज्जैन से पधारीं सुश्री सुनिता गांगुलिया एवं साथी कलाकारों ने प्रस्तुति दी। उन्होंने फूलडा बिछाई पंथ निहारूं...,एकन बार आओ गुरू जी...,मीरा बाई भजन...,कबीर भजन..., मालवी लोक गीत..., की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के दौरान गायक - सुश्री सुनिता गांगोलिया, सहगायन में सुश्री शिवानी सोनगरा, हारमोनियम पर श्री अजय गांगोलिया, ढोलक पर विजय गांगोलिया, वायलिन पर देवनारायण सारोलिया, नगाड़ी पर अशोक गेहलोत ने संगत की। गतिविधि का ऑनलाइन प्रसारण संस्कृति विभाग एवं मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया गया।

भोपाल, देशबन्धु। मप्र उर्दू अकादमी द्वारा अंश हैप्पीनेस सोसायटी के सहयोग से महिला कलाकारों के लिए 15 दिवसीय चारबैत कार्यशाला का शुभारंभ आज किया गया। कार्यशाला में चारबैत उस्ताद मुख्तार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलाकार 31 अगस्त तक सीधे कार्यशाला स्थल पर जाकर पंजीयन कर प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं।

HDFC BANK
We understand your world

एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 9, तीसरी मंजिल, स्टार प्लेनेट बिल्डिंग,
एम.पी. नगर, झोन-2, भोपाल, म.प्र. पिन - 462011. मो. : 9303533469

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से ऋणी (यों) एवं जमानतदार(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का वास्तविक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'** के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड प्रतिभूत लेनदार के निम्नलिखित ऋणी (यों) एवं जमानतदार(रों) से बकाया राशि (संबद्ध कॉलम में वर्णित) की वसूली हेतु बेचा जाएगा, जिसका आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि संबद्ध कॉलम में नीचे वर्णित है :

क्रं.	ऋणी/सह-ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम	मांग सूचना दिनांक आधिपत्य सूचना दिनांक	संपत्ति/मकान के कुल क्षेत्रफल के बारे में विवरण	आरक्षित मूल्य अग्रिम जमा राशि	बकाया राशि (रु.में)	निरिक्षण की तिथी	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथी	ई-नीलामी की तिथी एवं समय
1.	1) श्री दिनेश कुमार पिता भानुप्रकाश गुप्ता द्वारा इनके प्रोप्राईटर आशा इंटरप्राईजेस 2) श्री भानुप्रकाश गुप्ता पिता परमसुख गुप्ता ऋण खाता क्रं. 17818020000073	09-01-2019 08-04-2021	अचल संपत्ति के समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग - सर्वे नं. 62 स्थित आवासीय संपत्ति का भाग क्षेत्रफल 0.024 हेक्टेयर निर्मित आवासीय मकान नं. 54 वार्ड नं. 14 नूतन विहार कॉलोनी, डोंगा टीकमगढ़। **संपत्ति के पंजीकृत मालिक श्री दिनेश कुमार गुप्ता पिता श्री भानु प्रकाश गुप्ता चर्तु:सीमा:** पूर्वः रोड़, पश्चिमः अन्य संपत्ति, उत्तरः रोड़, दक्षिणः अन्य संपत्ति	₹ 15,60,000 /- ₹ 1,56,000/	₹ 59,78,505/-	07.09.2023 दोपहर 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य अधिकारियों की उपलब्धता के अनुसार	11-09-2023	13-09-2023 दोप. 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य हर सफल बोली के लिए 5 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ
2.	1. मेसर्स एमजे एसोसिएट्स इसके प्रोप्रा. श्रीमती सलोनी जीवनानी पति श्री महेश जीवनानी के माध्यम से, 2.श्रीमती सलोनी जीवनानी पति श्री महेश जीवनानी, 3. श्री महेश जीवनानी पिता श्री माधव दास जीवनानी, ऋण खाता संख्या 83730703	22.02.2022 30-12-2022	आवासीय मकान नं.एफ-52, डुप्लेक्स हाऊस, खसरा नं. 20/1/1, ग्राम नरेला शंकरी, वार्ड नं. 65, तहसील हुजूर, भोपाल **चर्तुसीमा** : पूर्व :- 20 फीट रोड़, पश्चिम :- प्लॉट नंबर एफ-39, उत्तर :- 20 फीट रोड़, दक्षिण :- प्लॉट नंबर एफ-51 **संपत्ति के पंजीकृत मालिकः श्रीमती सलोनी जीवनानी पति श्री महेश कुमार जीवनानी एवं श्री महेश कुमार जीवनानी पिता श्री माधव दास जीवनानी**	₹ 33,07,500/- ₹ 3,30,750/-	₹ 34,27,216/-	08.09.2023 दोपहर 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य अधिकारियों की उपलब्धता के अनुसार	11-09-2023	13-09-2023 दोप. 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य हर सफल बोली के लिए 5 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ
3.	1) पधारो सा भोजन द्वारा एलएलपी प्राधिकृत व्यक्ति श्री विजय सोनी पिता राधारमन सोनी, श्रीमती प्रिती सोनी पति विजय सोनी 2) श्री विजय सोनी पिता राधा रमन सोनी 3) श्रीमती प्रिती सोनी पति विजय सोनी ऋण खाता क्रं. 50200002429131	05.08.2021 10.07.2023	आवासीय संपत्ति का संपूर्ण भाग व अंश, व्यवसायिक संपत्ति पीबी-1, तीसरी मंजिल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, होशंगाबाद रोड़, भोपाल 462001, **चर्तुसीमा** : पूर्वः छत, 197, पश्चिमः खुला, उत्तरः पीबी-1 (ए), दक्षिणः अन्य स्थान **पंजीकृत संपत्ति में उल्लेखित मालिक : श्रीमीत प्रिती सोनी पति विजय सोनी**	₹ 1,16,94,000/- ₹ 11,69,400/-	₹ 1,00,89,342.01/-	20.09.2023 दोपहर 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य अधिकारियों की उपलब्धता के अनुसार	26-09-2023	28-09-2023 दोप. 12.00 बजे एवं 3.00 बजे के मध्य हर सफल बोली के लिए 5 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ

विक्रय के नियम और शर्तो के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गए एचडीएफसी बैंक प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात **https://www.hdfcbank.com/personal/resources/important-notices** देखें।

यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत ऋणकर्ता/ गिरवीकर्ता को 15 दिनो / 30 दिनो के नोटिस के तौर पर भी मान्य होगा।

तारीख : 27.08.2023
स्थान : भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी,
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

कहानी

एक नन्ही मुस्कान

■ गीतांजलि श्री

कपड़े बदलते हुए राजन ने रीता से कहा, जो रसोई घर में रात की खाने के तैयारी कर रही थी :

''लिफ्ट में आते समय डॉ. पमनानी को लिफ्ट से बाहर निकलते देखा, बिल्डिंग में शायद कोई बीमार है।''

रीता ने हाथ में पकड़ी हुई खाने की चीजें मेज पर रखीं और प्लेटें नेपकिन से पोंछते हुए कहा, ''रति बीमार है, आज ऑफिस भी नहीं गयी।''

खाने का पहला कौर मुँह में डालते हुए राजन के कहा : ''आज ऑफिस में मुझसे काम नहीं हो पा रहा था, ऐसा लग रहा था जैसे तबीयत ठीक नहीं है।''

रीता ने राजन की ओर जाँचती हुई दृष्टि से देखा, फिर खाना खाते हुए कहा, ''बुधवार की छुट्टी है, आप डॉक्टर से जाँच करवा लें।''

''बच्चे क्या कर रहे हैं ?

''पढ़ रहे हैं, टर्मिनल टेस्ट होने वाला है।''

दोनों चुपचाप खाना खा रहे थे। महानगर का कोलाहल धीरे-धीरे कम हो रहा था। रीता ने कहा, ''भगवान के पास न्याय नहीं है।''

राजन भीतर-ही-भीतर जैसे चौंक पड़ा। प्रश्नवाचक दृष्टि से पत्नी की ओर देखने लगा।

रीता ने कहा, ''रति कितनी अच्छी स्त्री है, पर पति कैसा किस्मत में लिखा हुआ था। अच्छे-भले, खाते-पीते घर की लड़की कहाँ आ पड़ी। कहते हैं, उसका पति अब रोज पीकर आता है। पता है, तरक्की के बाद रति की तनख्वाह बढ़ गयी है ?''

राजन कोई भी उत्तर नहीं सोच सका। वह चुपचाप खाना खाता रहा। दूसरे कमरे से बेटी की पुस्तक पढ़ने की आवाज आ रही थी।

बात को आगे बढ़ाते हुए रीता ने कहा, ''रति अब अफसर बन गयी है। उसकी तनख्वाह एक हजार बढ़ गयी है।''

राजन के चेहरे पर कुछ गम्भीरता आ गयी, जैसे कोई खास खबर सुनी हो।

''बेचारी रति, सुबह को जल्दी उठकर घर का कामकाज करके बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करती है। सबको नाश्ता देकर, दोपहर का खाना बनाकर पति को देती है और खुद लेकर दफ्तर जाती है। सारा दिन दफ्तर में काम करने के बाद, घर लौटने पर फिर काम।'' रीता के स्वर में स्त्री की पीड़ा छुपी थी।

राजन ने कोई उत्तर नहीं दिया।

राजन का मन कुछ देर तक अपने भीतर कुछ टटोलता रहा। फिर एकाएक वह चौंक पड़ा। कई दृश्य उसकी आँखों के सामने चलचित्र की तरह घूमने लगे।

रोज सुबह उठने में देर हो जाने के कारण पहला विचार जो राजन के मन में आता है, वह यह कि उसकी रोज वाली बस कहीं छूट न जाए। वह हर काम जल्दी-जल्दी करता है। बार-बार घड़ी देखता है।

जल्बाजी में नाश्ता भी पूरा नहीं करता है। कई बार पेन मेज पर छूट जाता है। बेल्ट भी लिफ्ट में उतरते-उतरते बाँधता है। रास्ते पर उसके पैर चलते नहीं, दौड़ते हैं। उसे अपनी ही फुर्ती पर आश्चर्य होता है। बस स्टॉप पर पहुँचकर रति को वहाँ लगी लाइन में खड़े देखकर उसे राहत-सी होती है। रति का कतार में होना इस बात का संकेत है कि उसकी बस अभी नहीं आयी है। वह कुछ धीमे चलने लगता है। सोचता है चिन्ता करना, अपने आप को रौंदना, उसकी आदत बन गई है। फालतू बातें और भ्रम मन में पालना उसके स्वभाव का हिस्सा बन गये हैं। वह बस के बारे में ऐसे सोचता है, जैसे वह बस स्टैंड उसकी जिन्दगी की दौड़ की मंजिल हो।

रीता ने कहा, ''राजन, भगवान ने स्त्रियों का जीवन इतना दु:खमय क्यों बनाया है ? बदलते हुए इस समय में कहा जाता है कि सब कुछ बदला है, पर स्त्री का भाग्य कहाँ बदला है ?''

राजन कुल्ला करके आ गया था। तौलिए से हाथ पोंछते हुए पूछा, ''क्या मिस्टर साजनानी बहुत ज्यादा पीने लगे हैं ?''

रीता ने कहा, ''सुना है, अब तो धन्धे पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सारा धन्धा चौपट हो गया है। अब तो पत्नी की तनख्वाह से ही घर चल रहा है।''

राजन ने सूखे स्वर में कहा, ''यह धन्धा भी तो रति के पिता ने ही शुरू करवा कर दिया था।''

रीता ने उसाँस भरते हुए कहा, ''माँ-बाप-बेटी के लिए सौ आशाएँ रखें, हजार कोशिशें करें, पर किस्मत भी साथ दे, तब न।''

राजन को दफ्तर में बिताया दिन याद आया। रीता से बोला, ''मैं आज स्वयं को थका-थका अनुभव कर रहा हूँ। ऑफिस में काम करने में मन नहीं लग रहा था।''

''सोफे पर आराम से बैठकर टी. वी. देखिए, पर आवाज कम रखिएगा। बच्चों की पढ़ाई में डिस्टर्ब होगा। मैं जरा रति को देख आऊँ।''

राजन सोफे पर बैठकर टी. वी. देखने लगा। चित्रहार चल रहा था। फिल्मी गीतों पर नायक-नायिका नाचते-कूदते चक्कर लगा रहे थे। पीछे के दृश्य बार-बार बदल रहे थे। नायिका कभी साड़ी में, कभी सरवार-कुर्ते में तो कभी जींस, टी-शर्ट में नाच रही थी। हमेशा की तरह आज भी यह कार्यक्रम राजन को बहला न सका। उसे लगा कि उसका मन उखड़ा-उखड़ा है। टी. वी. में नाचते लोग उसे मनुष्य न लगकर, बैटरी से चलने वाले प्लास्टिक के खिलौने लग रहे थे। उसने उठकर टी. वी. बन्द कर दिया।

वह सोचने लगा, 'इन्सान की जिन्दगी कितनी बेतुकी और थका देने वाली है। रोज-रोज वही काम करने पड़ते हैं, बिना किसी उद्देश्य के। जिन्दगी का जैसे कोई अर्थ नहीं रह गया है। जीना जैसे एक आदत बन गई है।' आज ऑफिस में काम करते समय, उसका शरीर और आत्मा दोनों थके हुए थे।

उसी समय रीता पास वाले घर से वापस आई, बोली, ''थोड़ी देर हो गई, टी वी. क्यों बन्द कर दिया ?''

''देखने में मजा नहीं आया।''

''आप आज कुछ थके-थके लग रहे हैं। मैं बच्चों को सुलाकर अपना बिस्तर ठीक कर आती हूँ। आप एस्प्रीन की गोली खाकर सोना, नींद आ जाएगी।'' दरवाजे के पास पहुँचकर रीता ने पति की ओर देखा और फिर बोली, ''रति को एक सौ दो बुखार था, पर बुखार में भी वह मुस्कुरा रही थी।''

उसे देखकर रति के चेहरे पर एक छोटी-सी, पर अपनत्व भरी, कुछ दु:ख-भरी, कुछ सुख-भरी दूज के पतले चाँद की तरह बारीक मुस्कुराहट दिखाई देती है। राजन जानता है, यह मुस्कान उसके लिए है और उसके अपने चेहरे पर उसकी जानकारी के बिना मुस्कुराहट तैर जाती है। वह सुबह की सारी तकलीफें, सारी परेशानियाँ भूल जाता है। जब वह बस में अपनी सीट पर बैठा रहता है और बस शहर की रणभूमि की सेनाओं के बीच रास्ता बनाती, बँधी आँखों वाले घोड़े की तरह दौड़ती रहती है तब वह नन्हीं मुस्कान, गुब्बारे की तरह फूलकर उसके हृदय को अनजानी प्रसन्नता से भर देती है। उसके हृदय से प्रवाहित होने वाला रक्त, उस मुस्कान को उसके सारे शरीर में फैला देता है। वह भूल जाता है कि रति भी इसी बस में कहीं बैठी है। सिर्फ वह मुस्कान उसके साथ होती है और उसके शरीर में टॉनिक की तरह ताकत और ताजगी का संचार करती रहती है।

उसने और रति ने आपस में कभी बात नहीं की है। उन्हें इतना पता है कि वे पड़ोसी हैं, एक-दूसरे के पास रहते हैं। उनकी आत्माएँ एक-दूसरे के इर्द-गिर्द फड़फड़ाती रहती हैं। राजन को लगता है, वह मृत नहीं है। बस में बैठे और मनुष्य भी निर्जीव नहीं हैं। रास्ते के दोनों ओर बनी इमारतें महज दीवारें नहीं हैं। उनके भीतर धड़कते हृदय है। शायद रति की यह नन्ही मुस्कान, उसके निरर्थक जीवन को थोड़ी देर के लिए अर्थवान बना देती है। बड़े शहरों में बस की यात्रा प्राय: लम्बी होती है। कभी-कभी लगता है कि यह .यात्रा पूरी नहीं होगी, पर हरेक बस किसी मुकाम पर आकर रुक जाती है। सारे यात्री वहाँ उतरते हैं। बस खाली खोका बन जाती है। राजन का दफ्तर आखिरी स्टॉप के पास में है और रति का कुछ और दूर। दोनों बस के आखिरी स्टॉप पर उतरते हैं और लोगों की भीड़ में खो जाते हैं। खो जाने के पहले राजन की निगाहें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं। अनजाने में ही उसके चेहरे पर मुस्कुराहट आ जाती है। प्रत्युत्तर में रति के चेहरे पर भी एक नन्हीं से मुस्कुराहट तैर आती है। यह सब राजन की आदत-सी बन गई है। उसे लगता है कि जब उसका आँखें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं, तब रति भी शायद उसकी निगाहों की प्रतीक्षा में होती है। शायद उसकी मुस्कुराहट न पाकर वह कुछ खो जाने जैसा अनुभव करती है।

रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया। मौका मिलने पर भी हम दोनों बस में कभी पास नहीं बैठे हैं। हम दोनों एक-दूसरे के इतना पास या दूर हैं, जितने दो तारे। राजन ने स्वयं से पूछा, 'क्या यह सत्य हो सकता है कि वह मुस्कुराहट मुझे सारे दिन ताजगी देती है ? सारा दिन मेरे चारों ओर उसका असर बना रहता है ?'

उसी समय रीता कमरे में आयी। बोली, ''मैंने बिस्तर बिछा दिया है।'' दोनों सोने के कमरे में आये। राजन ने रोज की तरह पलंग पर बैठते ही टेबल-लैम्प नहीं जलाया।

रीता ने आश्चर्य से पूछा = ''क्या, आज किताब नहीं पढ़ेंगे ?'' राजन की आदत थी कि सोने से पहले वह कुछ देर तक कोई किताब या पत्रिका पढ़ता था।

'नहीं।' उसने कहा और तकिए पर सिर रख लेट गया।

बत्ती बुझाकर रीता, राजन के पास लेट गयी। बोली, ''रति को डॉक्टर कह गया है कि उसे हफ्ते भर तक आफिस नहीं जाना चाहिए।''

राजन अँधेरे में छत की ओर देखते हुए सोचने लगा कि इस सप्ताह रति की मुस्कुराट पाए बिना, उससे ऑफिस में काम कैसे होगा?

> रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया।

राखी

■ नज़ीर अकबराबादी

चली आती है अब तो हर
कहीं बाज़ार की राखी
सुनहरी सब्ज़ रेशम ज़र्द और गुलनार की राखी

बनी है गो कि नादिर ख़ूब हर सरदार की राखी
सलोनों में अजब रंगीं है उस दिलदार की राखी

न पहुँचे एक गुल को यार जिस गुलज़ार की राखी
अयाँ है अब तो राखी भी चमन भी गुल भी शबनम भी

उठाना हाथ प्यारे वाह-वा टुक देख लें हम भी
तुम्हारी मोतियों की और ज़री के तार की राखी

कहाँ नाज़ुक ये पहुँचे और कहाँ ये रंग मिलते हैं
चमन में शाख़ पर कब इस तरह के फूल खिलते हैं

जो कुछ ख़ूबी में है उस शोख़-ए-गुल-रुख़सार की राखी
फिरें हैं राखियाँ बाँधे जो हर दम हुस्न के तारे

तो उन की राखियों को देख ऐ जाँ चाव के मारे
पहन ज़ुन्नार और क़श्क़ा लगा माथे उपर बारे

'नज़ीर' आया है बाम्हन बन के राखी बाँधने प्यारे
बँधा लो उस से तुम हँस कर अब इस त्यौहार की राखी

लघुकथा ■ प्रभा दीक्षित

वर्तमान काल-कथा

वह गांव से भाग कर शहर आया है ताकि कुछ मेहनत मजदूरी कर के अपने आपको एवं परिवार को जीवित रख सके। एक सप्ताह भटकने के बाद भी उसे काम नहीं मिला। भूख के कारण उसे दिन में तारे दिखाई दे रहे हैं। वह भीख मांगने की सोच रहा है, मगर भीख मांगने की आदत नहीं है। तभी उसने देखा शहर की चालू सड़क पर एक मंदिर बना है जहां भिखारियों की भीड़ है। उसने सोचा यहां अवश्य कुछ खाने को मिलता होगा। वह भीड़ से कुछ अलग भीड़ में शामिल हो गया है। तभी एक भक्त पाव भर मिठाई के साथ मंदिर के बाहर आते हैं। भिखारियों की भीड़ उन्हें घेरे हैं। वह एक छोटा पेड़ा सबको देते हुए आगे बढ़ते हैं और उस गंवई युवक से कहते हैं 'लो भाई प्रसाद लो।' वह अंजुरी बांधकर दोनों हाथ फैला देता है। एक दस ग्राम का पेड़ा उसके हाथ में है, वह खाने जा रहा था तभी बगल में एक भिखारी बालक गिड़गिड़ा कर कहता है- ''मुझे भूख लगी है।'' युवक के सामने गांव में छोड़ा हुआ उसका बच्चा साकार हो उठता है। वह उसे पेड़ा देकर आगे बढ़ जाता है और एक पार्क में जाकर ढ़ह जाता है।

सुबह के अखबाार में एक छोटी सी खबर है पार्क में लावारिस युवक की लाश पाई गई। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार-भूख, प्यास के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

बाजारवाद में 'घिस रहा है धान का कटोरा'

समीक्षक: अरविन्द श्रीवास्तव

नागार्जुन अपनी कविता 'सिके हुए दो भुट्टे' में लिखते हैं- 'सिके हुए दो भुट्टे सामने आए तबीयत खिल गई, दाँतों की मौजूदगी का सुफल मिला तबीयत खिल गई' .. नागार्जुन की इस कविता का नायक- अखिलेश ने अपनी मेहनत से जिन पौधों को उगाया था, वार्ड नंबर दस के पीछे जेल की क्यारियों में। ढाई महीने पहले की अखिलेश की खेती इन दिनों अब जाने किस-किस को पहुँचा रही है सुख। बीसियों जने आज अखिलेश को दुआ दे रहे हैं। सिके हुए भुट्टों का स्वाद ले रहे हैं डिस्ट्रिक्ट जेल की चाहरदीवारियों के अंदर नागार्जुन की इन पंक्तियों में जो वेदना छिपी है, वह वर्तमान व्यवस्था को बड़ी मुलायमियत से बेनकाब करती है। यह महज संयोग है कि किसानी संस्कृति पर अपनी बेबाक लेखन के लिए चर्चा में आये कवि लक्ष्मीकांत मुकुल द्वारा नव सृजित संग्रह 'घिस रहा है धान का कटोरा' वर्तमान हालात से दो-दो हाथ करने को उतारू हैं । संग्रह में समाहित कुल पचहत्तर कविताएं समय की कुव्यवस्था को न केवल आईना दिखलाती हैं, बल्कि बहुत कुछ सोचने को विवश भी करती हैं। ठेठ देशज व आंचलिक अंदाज की ये कविताएं बगैर किसी लाग-लपेट के पाठकों के जेहन को एक नए अहसास का आस्वादन कराती हैं। संग्रह में कृषि कर्म, ग्रामीण संस्कृति, हमारी परंपरा और पर्यावरण की चिंता इनकी कविताओं के केंद्र बिंदु रहे हैं, बहरहाल इनकी लेखनी की जद में अनेक ऐसे अछूते विषय भी हैं, जहां एक सधा हुए कवि ही पहुंच सकता है । विकासवाद के अंधी दौड़ में भागती दुनिया में जो पीछे छूट रहा है, उसकी नोटिस कवि बेहद मार्मिकता से करता हैं, जैसे- भलुआहीं मोड़ की फुलेसरी देवी के मन में/ बसी है छोटी लाइन/ वह बालविवाहिता दहेज दानवों से उत्पीड़ित/ खूंटा तोड़कर भागी थी घर से/ इसी रेलगाड़ी पर किसी ने दी थी उसे पनाह।

कवि का मुख्य फोकस कृषि कर्म से जुड़े धरती पुत्र श्रमिकों पर रहा है, उनकी दशा का चित्रण बड़े ही सटीक ढंग से करते हुए वह कहता है - कौन है वह शातिर चेहरा/ जो छीन रहा है जनता से/ कृषि योग्य भूमि का अधिकार/ सेज, हाइवे, बांधों रेलखंडों के नाम/ कौन बुला रहा है विदेशी कम्पनियों को/ कारपोरेट खेती करने, एग्रो प्रोसेसिंग इकाइयां बनाने के लिए/ हमारी छाती पर मूंग दलते हुए/ हाईब्रिड बीजों, केमिकल खादों, जहरीली दवाओं/ महँगे यंत्रों से कौन चीरहरण करना चाहता है, हमारी उर्वरता का ?कवि का मानना है कि बाजार व्यवस्था की पीठ पर पलथी मारे बैठे हैं जल्लाद, नए अवतार में नई चालबाजियां चलते हुए, हमारा ध्यान भटकते हुए नित्य नई युक्तियों से !



कवि लक्ष्मीकांत मुकुल शांत सहज प्रकृति के कवि हैं, उनकी चिंतन का दायरा समस्त ब्रह्मांड है, स्वभाविक है, पर्यावरण के प्रति उनका नजरिया भी संवेदनशील होगा, 'यह कैसा समय है' शीर्षक कविता में वे कहते हैं- यह कैसा समय है, जब कजरारी घटाएं भूल जाती हैं बरसने की जिम्मेदारी, वनस्पतियां भूल जाती है समयानुसार फूलना-फलना, मौसम बदल रहा है, ऋतु-चक्र का प्रत्यावर्तन, मौसमी हवाएं पल बदलकर, पश्चिमी विक्षोभ में हो रही है शामिल !

कवि ने अभी बीते कोरोना काल के दंश को देखा और भोगा है, जिसके ताण्डव से पूरी दुनिया कांप गयी थी, कवि मानता है कि - गहरी साजिशों के तहत/ वे शैतान उत्पन्न कर रहे हैं मनुष्यता के विरुद्ध जैविक औजार/ जिनके पास गुण नहीं होते, बांझ पपीते में लाने को फल/ जिनके जनमाये रोबोट नहीं बना सकते, मधुमक्खियों जैसे शहद बूंद/ उनके बनाए हाइड्रोजन बमों से बंजर हो चुकी मरुभूमियों पर, नहीं बरसाई जा सकती झमाझम बारिश, जिससे गदाराकर उभर आती, गर्भवती स्त्री सदृश्य इस धरती की काया ! सच में कोरोना काल की भयावहता के लिए शब्द तामिर नहीं हो सकते, कवि अपनी सौभाविक मुलायमियत का परिचय देते हुए कहता है कि कोरोना जैसे दानव-दूतों के आगमन से रोकी जा रही है मिलने-जुलने की संभावनाएं, स्वजनों को छूने-चूमने पर लग गया है कर्फ़्यू !

समकालीन कविता में प्रेम और युद्ध की चर्चा वैश्विक स्तर पर होते रही है, जैसे इसके बगैर कोई संग्रह मुकम्मल नहीं हो सकता । 'घिस रहा है धान का कटोरा' में कवि ने इन विषयों पर गंभीरता से विमर्श किया है 'युद्ध' कविता की बानगी दीगर है- युद्ध की भाषा उन्मादी होती है, जिसमें शामिल होते हैं विध्वंसक तत्व, इमारतों को नष्ट करने, खड़ी फसलों को ख़ाक में मिलाने के लिए, दूधमुहें बच्चों को माँ की आँचल से दूर करने की साज़िश, चरवाहों को उनके पशुओं, किसानों को उनके खेतों से, बेदखल करने की सनक.. तानाशाह का दर्प अट्टहास करता है, युद्ध की भाषा की शैली में, दूसरों से छीन लेने की आजादी.., युद्ध थोपने वाला चाहता है, कि वह छीन ले मासूम बच्चों की हंसी, कामगारों के हाथों से कुदाल, नौजवानों के पास से सपनें, बूढ़ों के सहारे की छड़ी..!

इस संग्रह में कवि ने प्रेम के लिए पर्याप्त स्पेस बचाए रखा है, कवि जानता है कि प्रेम से ही इस धरा पर सुख, शांति और संपन्नता का बीजारोपण हो सकता है और नकारात्मकता को खदेड़ा जा सकता है। प्रेम के अपने अहसास को कवि शब्दों में व्यक्त करते हुए लिखता है कि- मदार के उजले फूलों की तरह, तुम आयी हो कूड़ेदान भरे मेरे इस जीवन में, तितलियों, भौरों जैसा उमड़ता, सूंघता रहता हूँ तुम्हारी त्वचा से उठती गंध, तुम्हारे स्पर्श से उभरती चाहतों की कोमलता, तुम्हारी पनीली आंखों में छाया पोखरे का फैलाव..!

कवि ने अपने कविता कर्म में तनिक भी कोताही नहीं की है। कवि की सक्रियता देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनके लेखन से भी की जा सकती है, अनेक भाषाओं में अनुदित इनकी कविताएं बिहार के बक्सर जनपद से उठकर विश्व पटल पर अपनी खुशबू बिखेर रही है ! कवि के लिए साधुवाद व स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं करता हूँ ।

लक्ष्मीकांत मुकुल
सृजनलोक प्रकाशन, नई दिल्ली

पुस्तक : घिस रहा है धान का कटोरा (कविता संग्रह)
लेखक : लक्ष्मीकांत मुकुल
प्रकाशन : सृजनलोक प्रकाशन, बी-1,दुग्गल कॉलनी, खानपुर, नई दिल्ली- 110062.
मूल्य: 299 ?

बेतवा- पार्वती अंचल

सार-समाचार

पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

सिरोंज, देशबन्धु। आज सीएम राइज स्कूल सिरोंज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का अद्ययोजन किया गया जिसमें कुमारी काजल अहिरवार ने प्रथम कुमारी दीपिका यादव ने द्वितीय तथा अमित अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता प्रभारी लिपि जैन ने आयोजन में सक्रिय सहयोग किया।

हनुमान मंदिर में जन जागरण रथ यात्रा को लेकर हुई बैठक

सिरोंज, देशबन्धु। भैरव पठार हनुमान मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड सिरोंज द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ भगवान राम के चित्र पर फूलमाला पहनकर दीप जलाकर किया गया। जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने शौर्य जन जागरण रथ यात्रा निकालने को लेकर जानकारी दी। जिला विद्यार्थी प्रमुख लालचंद कुशवाह कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सभी को कार्य करने के लिए कहा। बृजेश कुशवाहा रथ यात्रा के बारे में और भी कई बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में जिला धर्म प्रसार प्रमुख अर्जुन शाक्य, जिला मठ मंदिर प्रमुख विनोद शर्मा, जिला सह सामाजिक समरसता प्रमुख बसंतीलाल कुशवाहा, जिला प्रिंट मीडिया प्रमुख प्रदीप राठौर आदि उपस्थित रहे।

जैव विविधता एवं संरक्षण पर एलबीएस कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय वेबिनार

सिरोंज, देशबन्धु। नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जैव विविधता एवं इसके संरक्षण पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद्र राजपूत एवं वरिष्ठ प्राध्यापक आर एस तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। भोपाल नर्मदा पुरम संभाग के उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक एवं वेबिनार के मुख्य संरक्षक डॉक्टर मथुरा प्रसाद ने अपने संदेश में महाविद्यालय स्टाफ को शुभकामनाएं प्रेषित की। राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा की प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि डॉक्टर नीता पांडे ने अपने संबोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक कार्यों से स्टाफ एवं विद्यार्थियों में नव ऊर्जा का संचार होता है। वेबिनार के प्रथम तकनीकी सत्र का उद्घाटन युग्नम विश्वविद्यालय साउथ कोरिया में पदस्थ डॉक्टर निधि पौराणिक के शोध पत्र प्रस्तुतीकरण के साथ हुआ। इस सत्र में डॉक्टर रवि रंजन सहायक प्राध्यापक शास. कन्या महाविद्यालय विदिशा, डा. राजमोहन शर्मा सहायक प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा एवं डॉक्टर प्रियंका सोनकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गुवाहाटी(एम्स) ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

वेदांत आश्रम में बटुकों को खेल सामग्री वितरित की

हमीरपुर विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की चर्चा, निकाली वाहन रैली

गंजबासौदा, देशबन्धु। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर विधानसभा से विधायक डॉ. मनोज प्रजापति सात दिनों के प्रवास पर विधानसभा आए। जहां उन्होंने ग्यारसपुर, त्योंदा, बासौदा ग्रामीण समेत शहर मंडल की अनेक बैठकों में भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

शनिवार को जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में एक टिफिन पार्टी आयोजित हुई जिसमें हमीरपुर के विधायक मनोज प्रजापति, क्षेत्रीय विधायक लीना जैन, पूर्व विधायक अजय सिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष शशि यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी,प्रवासी विधायक कार्यक्रम के प्रभारी देवेंद्र वर्मा, हरिसिंह कक्का, पूर्व नपा अध्यक्ष मधुलिका रज्जन अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जिला मंत्री चन्द्र शेखर दुवे, जीतेंद्र मैना सहित अनेक कार्यकर्ता सम्लित रहे। साथ प्रवासी विधायक प्रजापति ने वेदांत आश्रम में वेदों की शिक्षा ग्रहण कर रहे बटुकों को खेल सामग्री के साथ मिष्ठान व फल वितरित किये। बटुकों ने प्रवासी विधायक के स्वागत में स्वस्ति वाचन का पाठ किया। इसी क्रम में शनिवार को युवा मोर्चा के अध्यक्ष विवेक अधिकारी के नेतृत्व में दो पहिया वाहन रैली स्थानीय बीएड कालेज त्योंदा रोड से आयोजित की जो कि मुख्य मार्ग त्योंदा रोड, जय स्तम्भ चौक, बरेठ रोड होती हुई संजय गांधी कॉलेज पहुंची।

मुख्यमंत्री चौहान ने लागू की कई योजनाएं: लोधी

भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु। प्रवासी विधायक कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश बुलंद शहर से विधायक चंद्रपाल लोधी का आगमन हुआ। कार्यकर्ताओं से चर्चा में उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में अगर संपन्नताएं शिवराज सिंह चौहान के कारण है। एक मुखिया में परिवार भाव के गुण होने चाहिए। वह मुख्यमंत्री चौहान में है। लाडली बहना योजना जिसने मध्य प्रदेश की सवा करोड़ बहनों के जीवन में प्रकाश लाने का काम किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, उपाध्यक्ष लखन यादव , मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा ,नगर भेरुन्दा परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ,भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष मांगीलाल खंडेलवाल, बाबूलाल जाट, कपिल खंडेलवाल, विजय सोनी, अजय पालीवाल आदि मौजूद रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सड़क निर्माण कार्य देखने पहुंचे विधायक

सिरोंज, देशबन्धु। कायाकल्प अभियान के अंतर्गत वलेजा पेट्रोल पंप से छत्री चौराहे तक हो रहे सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही से परेशान हो रहे स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और निर्माण कार्य तेज गति से कराए जाने को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा शनिवार शाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अवलोकन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एसडीएम हर्षल चौधरी से सड़क के निर्माण कार्य में हो रही लेट लतीफी के लिए जिम्मेदारी तय करने और उचित जांच करने के निर्देश दिए।

भाजपा नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विधायक शर्मा ने कहा कि ठेकेदार सड़क निर्माण में लापरवाही बरत रहा है झूठी शिकायतें मुख्यमंत्री तक करवा रहा है। हम भी यही चाहते है कि प्रदेश के अधिकारी इस सड़क निर्माण की लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करें। हम सिरोंज के विकास के लिए संकल्पित है हमारे शहर की यह सड़क सुंदर और नागरिकों, व्यापारियों के आवागमन के लिए सुविधाजनक बनें इसलिए इसकी स्वीकृति कायाकल्प योजना के माध्यम से करवाई है, लेकिन राजनीति के चलते कुछ शहर के लोग इसे बनने देने में रोढ़ा अटकाने में भी लगे हुए है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत ओर तीव्र गति से गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करवाने ओर निगरानी करने की बात भी कही। इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से व्यापार संघ अध्यक्ष पदम ताम्रकार, राजेश मित्तल,सुदर्शन पाटीदार, अवतार सिंह रघुवंशी,हरिचरण अहिरवार, सचिन शर्मा,एसडीओपी उमेश तिवारी सहित प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

स्कूल में आयोजित आयुर्वेदिक शिविर में बच्चों को बताएं स्वस्थ रहने के गुर

गंजबासौदा, देशबन्धु। माध्यमिक विद्यालय अंबा नगर में शनिवार को आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित चिकित्सको ने आयुर्वेद से स्वस्थ रहने की गुर बताएं एवं वर्षा जनित बीमारियों से कैसे बचाव करें यह प्रयोग भी बताएं। शिविर में 28 छात्र 32 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर में डा. शिवाजी चतुर्वेदी, डा. अरविंद कनौजिया ने रोग से पीड़ित बच्चों को उपचार किया और निशुल्क आयुर्वेदिक औषधि का वितरण भी किया गया। डा.शिवाजी चतुर्वेदी ने वर्षा रितु में होने बाली बीमारियों के कारण लक्षण और उनसे बचने के सरल उपाय बताए आई फ्लू के फैलाव को रोकने के लिए आपस में पर्याप्त दूरी बनाए रखने और बार बार हाथ धोने और आखों में अच्छी ड्रोप डालने के साथ-साथ सोठ कालीमिर्च और त्रिफला चूर्ण का शहद अथवा घी के साथ नियमित सेवनकर ने की सलाह द अपने घर से और ग्राम से स्कूल आते समय रास्ते में बिजली के खमबों को नही छूने और सांप मिलने पर उसको नही छेडने की और पानी बरसने पर पानी से बचने के लिए कभी भी पेड के नीचे नही रूकने की सलाह दी भोजन में तेल नमक शक्कर कम खाने और पानी अधिक पीने तथा दूध दही मट्ठा हरी सब्जियां अधिक खाने नियमित शारीरिक व्यायाम करने की सलाह दी।

अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस की कार्रवाई

भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने आगामी विधानसभा 2023 के चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब रखने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करने एवं आदतन अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी के क्रम में पुलिस थाना इछावर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश कुमार गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भैंरूदा दीपक कपूर के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। पिछले 24 घंटों में अवैध शराब के कुल 09 प्रकरण बनाकर करीब 205 लीटर शराब अलग अलग स्थान से जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध पुलिस थाना इछावर पर प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की गई । एवं 06 प्रकरणों मे 06 व्यक्तियों को परिशांति कायम रखने के लिये बाउण्ड ओवर कराने हेतु प्रकरण कार्यपालन दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया । कार्रवाई लगातार जारी रहेगी । इस कार्रवाई में इनकी सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी इछावर निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, उपनिरीक्षक कमलेश चौहान, उपनिरीक्षक शिवलाल वर्मा , उपनिरीक्षक जिनास्तिका धुर्वे, उपनिरीक्षक संतोष, प्रधान आरक्षक चरण सिंह, प्रधान आरक्षक देवराज, सैनिक विक्रम, सैनिक दिलीप, महिला आरक्षक नेहा यादव, महिला आरक्षक निशु चौधरी, आरक्षक प्रदीप का सराहनीय योगदान रहा है ।

अवैध शराब पर नहीं लग पा रही रोक,आबकारी विभाग उदासीन

गैरतगंज, देशबन्धु। जिले के देवनगर एवं गढ़ी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध शराब बेंचे जाने का गोरखधंधा बदस्तूर जारी है। जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते लायसेंसी शराब ठेकेदार ही अवैध शराब की बिक्री गांव गांव करवा रहा है। नियमानुसार एक बार दुकान पर शराब का माल उतर जाने के बाद कहीं उसका परिवहन नहीं हो सकता किन्तु इस पर कोई रोक नहीं है। नतीजतन यह गोरखधंधा खूब फलफूल रहा है। शराब ठेकेदार द्वारा गांव गांव दुकानें खुलवाकर खुद के वाहनों से खुलेआम नियम विरुद्ध ढंग से अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन विवाद हो रहे हैं। वहीं विशेष तौर पर महिलाएं परेशान हो रही हैं। इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए कई बार ग्रामीण महिलाएं एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि लामबंद हो चुके हैं। प्रदेश शासन द्वारा शराब की अवैध बिक्री कड़ा रुख अपनाया है परंतु देवनगर एवं गढ़ी में सब बेअसर है। कुछ समय पहले बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मुख्यालय आकर अधिकारियों को ज्ञापन देकर गांवों में शराब की अवैध बिक्री रोकने की मांग उठाई थी परन्तु अब तक कुछ नहीं हो पाया है। देवनगर एवं गढ़ी में लगातार हो रहे अवैध शराब की बिक्री की तरफ आबकारी विभाग एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन उदासीन बने हुए है। यही नही इन शराब की दुकानों से दिन और रात में बगैर नम्बर के वाहनों में शराब का परिवहन किया जा रहा है। नागरिकों द्वारा जब इसकी सूचना स्थानीय पुलिस एवं आबकारी विभाग के निरीक्षक को दी जाती है तब भी कोई कार्रवाई को अंजाम नही दिया जाता है।

इनका कहना है

ग्रामीण क्षेत्रों में शराब ठेकेदार द्वारा शराब की अवैध बिक्री की जानकारी मिली है। जल्द ही पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

रामचरण परते,
चौकी प्रभारी गढ़ी

सड़कों पर मवेशी,बढ़ रहे सड़क हादसे

गंजबासौदा, देशबन्धु। शहर की सड़कें मवेशियों का आश्रय स्थल बन गई है। इन बेसहारा मवेशियों के कारण सड़क हादसे भी लगातार बढ़ रहे हैं। पुलिस आंकड़ों के मुताबिक 60 फीसदी सड़क हादसों का कारण सड़क पर घुमते मवेशी हैं। सूत्रों की माने तो सरकारी जमीन पर बनीं गोशालाएं भी भरी पड़ी हैं। जिससे वह गोवंश को रखने तैयार नहीं है। इस कारण गोवंश सड़कों पर भटक रहा है। जिससे रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। आसपास के ग्रामीण मवेशियों को घेरकर शहर की सीमा में छोड़ रहे हैं। जिससे मवेशियों की संख्या दोगुनी हो गई है। इससे ट्रैफिक और नागरिकों की परेशानियां बढ़ रही हैं, साथ गंदगी फैल रही है। लोगों का रहना, सड़कों पर चलना, वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। चार दिन में तीन हादसे बेसहारा मवेशियों के कारण स्टेशन क्षेत्र में रोज घटित होते हैं। शनिवार रात स्कूटी पर जा रहे बुजुर्गों को एक मवेशी ने सिंग मारकर घायल कर दिया। सिरोज चौराहे पर बच्चे के साथ जा रही बुजुर्ग महिला सड़क पर लड़ रहे सांड के मारने से घायल हो गई। बरेठ रोड पर भी बाइक सवार सड़क पर मवेशियों से टकराकर घायल हो गया। नगर और उसके आसपास कुल पांच गोशालाएं हैं। इनमें से एक चौरावर में दयोदय संचालित है। इसे सरकारी खर्च भी मिलता है। ग्राम गमाखर में पंचायत के अधीन संचालित है। तीसरी बरेठ मार्ग पर सरकारी जमीन पर बनाई गई है। दो गोशालाएं जन सहयोग से चल रही हैं। चौरावर की गोशाला और गमाखर की गोशालाएं क्षमता के मान से खाली रहती हैं। बरेठ मार्ग पर गोशाला तैयार है, लेकिन खाली पड़ी है। भूसे की व्यवस्था कर उसका भी उपयोग किया जा सकता है।

पार्षद के साथ आई महिला ने सीएमओ को थप्पड़ मारा, 3 पर मामला दर्ज

मुरैना, देशबन्धु। जिले के सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ महिला पार्षद एवं दो अन्य लोगों ने गाली गलौज कर अभद्रता की एवं थप्पड़ मार दिया, जिसका वीडियो वायरल हुआ है। आरोपियों द्वारा शासकीय दस्तावेज भी फाड़ दिए गए, जिस पर से पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह मुख्य नगर पालिका अधिकारी सियाशरण यादव (सी.एम.ओ.) दोपहर 2.30 से 3 बजे के आसपास नगर पालिका कार्यालय सवलगढ़ के लेखा शाखा में रक्षा बंधन त्यौहार आने के कारण कर्मचारियों का वेतन भुगतान कराने संबंधी कार्य श्रीराम प्रसाद जाटव प्रभारी लेखापाल एवं ओमप्रकाश धाकड़ प्रभारी कार्यालय अधीक्षक के साथ शासकीय कार्य कर रहे थे, उसी समय अशरफ खान, वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद रचना राठौर एवं रुकमणी जगा दफ्तर में आई और आते ही गाली गलौज कर अभद्रता की एवं रुक्मणी नाम की महिला ने सीएमओ के गाल पर थप्पड़ दे डाला। इस दौरान अशरफ खान लगातार टेबल पर हाथ पटकता रहा एवं सरकारी दस्तावेजों को फाड़ दिया। सबलगढ़ थाना पुलिस ने सीएमओ यादव की रिपोर्ट पर से तीनों आरोपियों के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट करने, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, सरकारी कागज को नष्ट करने की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है।

डेढ़ सैकड़ा आदिवासी परिवारों के मकानों को वन विभाग ने तोड़ा

- धनेला पंचायत करह बाबा का पुरा में 70 वर्ष से कर रहे हैं निवास

मुरैना, देशबन्धु। जिले के नूराबाद थाना अंतर्गत धनेला पंचायत के करह बाबा का पुरा गांव में शनिवार की सुबह वन विभाग की टीम ने 70 वर्षों से निवास कर रहे आदिवासी परिवारों के लगभग डेढ़ सैकड़ा कच्चे एवं पक्के मकानों को तोड़कर उन्हें बेदखल कर दिया तथा विरोध करने पर महिला बच्चों से मारपीट तक की गई, ऐसा आदिवासियों का आरोप है। पीड़ित आदिवासी एसडीएम से मिले, लेकिन कलेक्टर से मुलाकात नहीं हुई। आदिवासियों का कहना है कि वह न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

धनेला पंचायत के करह बाबा का पूरा गांव में रहने वाले पप्पू आदिवासी एवं बंटी आदिवासी ने मुरैना आकर बताया कि लगभग डेढ़ सौ परिवार पिछले 70 वर्ष से गांव में कच्चे एवं पक्के मकान बनाकर रह रहे हैं और उनके पास वोटर कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण, पत्र जन्म प्रमाण पत्र सब कुछ है, इसके बावजूद शनिवार की सुबह फॉरेस्ट विभाग की टीम ने आकर जेसीबी मशीन से उनके कच्चे एवं पक्के मकानों को ध्वस्त कर दिया, जिससे अब उनके सर से छत छिन गई है और वह बेघर हो गए हैं। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं एवं बच्चे भी काफी संख्या में हैं, ऐसे में उनके लिए अब सोने के लिए छत की व्यवस्था कहां से होगी, सोचकर महिला एवं बच्चे रो रहे हैं। सहरिया आदिवासियों का आरोप है कि फॉरेस्ट विभाग की टीम ने विरोध करने पर उनके साथ मारपीट कर गाली गलौज की है।

पीड़ित परिवार महिला एवं बच्चों के साथ मुरैना पहुंचे और एसडीएम से मिले, लेकिन एसडीएम द्वारा फॉरेस्ट का मामला बताते हुए अपने कर्तव्य से पल्ला झाड़ लिया गया। शहरी आदिवासियों का कहना है कि वह कल फिर मुरैना आएंगे और जिला कलेक्टर से मुलाकात कर न्याय की गुहार करेंगे, अगर कोई सुनवाई नहीं हुई तो वह हर स्तर पर जाकर संघर्ष करने को तैयार हैं। शनिवार को धनेला पंचायत के करह बाबा का पुरा गांव में फॉरेस्ट द्वारा सहरिया आदिवासियों के मकान छोड़कर बेदखल किए जाने के बाद रोती हुई महिलाओं ने कहा कि रक्षाबंधन के त्योहार से पूर्व हमारे ऊपर अत्याचार किया गया है, इसके लिए हम जहां भी लड़ाई लड़नी होगी, वहां लड़ने जाएंगे।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

कुश्ती प्रतिस्पर्धा का आयोजन आज

सारनी, देशबन्धु। सलैया पंचायत के अंतर्गत आने वाले बगडोना बस्ती में रविवार को 11 से विशाल दंगल प्रति स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिस्पर्धा में बैतूल जिले के अलावा छिंदवाड़ा, होशंगाबाद,हरदा, टिमरनी,भोपाल सहित अन्य स्थानों के पहलवान भाग लेंगे। आयोजक समिति के राकेश साहू ने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा का आयोजन बगडोना बस्ती के खेड़ापति मंदिर के पास किया जाएगा। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि यह दंगल प्रतिवर्ष 15 अगस्त के दिन आयोजित होती है, लेकिन इस वर्ष लगातार बारिश की वजह से 27 अगस्त को कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम पुरस्कार के रूप में 5001,द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार के रूप में 2001 रुपए और चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 1001 रुपये का विजेता पहलवान को आयोजन समिति द्वारा दिए जाएंगे।

एरुलू बने प्रदेश कांग्रेस सचिव

सारनी, देशबन्धु। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिव पद पर तिरुपति एरूलू को नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन उपाध्यक्ष राजीव सिंह के माध्यम से की गई है। बताया जाता है कि तिरुपति एरुलू ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक विभिन्न पदों पर पदस्थ रह चुके हैं। तिरुपति एरुलू को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिव पद पर मनोनीत किए जाने पर भगवान जावरे,हरिष पाल, गोविंद एरुलू,भूषण कांति,राजेंद्र मानकर, हितेश नीरपुर,हेमंत धोटे, गौतम नागले,किशोर चौहान,मोहम्मद इलियास,बटेश्वर भारती, विक्की सिंह,ज्ञानेश्वर पाटिल,मानिक धोटे, भरत सोनी,राजेंद्र माने सहित अन्य पदाधिकारी ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

चोरों ने दुकान को बनाया निशाना, 50 हजार से अधिक का सामान चोरी

चिचोली, देशबन्धु। बीती रात बेला जोड़ पर स्थित एक जनरल एवं किराने की दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब पचास हजार से अधिक के सामान पर हाथ साफ कर दिया। दुकान के संचालक अंकित जायसवाल ने बताया कि आगामी रक्षाबंधन के पर्व के चलते दुकान में कपड़े राखी और बिजली के वायर बंडल खाने की सामग्री बिक्री के लिए रखी हुई थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने करीब 50 हजार से अधिक का सामान दुकान का ताला तोड़कर चुरा कर ले गए। चोरों ने पहले दुकान के पिछले हिस्से पर लगे टीन को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन उसमें असफल हुए तो सामने लगा ताला तोड़ दिया। चोरी की घटना की जानकारी सुबह दुकान खोलने आए तो पता लागा। पीड़ित व्यापारी ने थाने जाकर पुलिस को आवेदन दिया है।

अवैध शराब के 7 प्रकरण दर्ज

हरदा, देशबन्धु। आबकार दल ने शुक्रवार को अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल ने बताया कि वृत हरदा के बैरागढ़, कुलहरदा एवं खेड़ीपुरा तथा वृत खिरकिया के ग्राम सुल्तानपुर, विक्रमपुर व बंदी मुहाडिया मे दबिश देकर कुल 22 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 750 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर कुल 7 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए।

भाजपा नेता के चाचा कांग्रेस में शामिल

बैतूल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते ही टिकट की आस छोड़ चुके कई भाजपा नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को बैतूल विधानसभा के देवठान से भाजपा मंडल महामंत्री के चाचा राजू राजाराम यादव ने विधायक निलय डागा की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ली। उनके साथ देवठान के भाजपा नेता राजाराम यादव, अंगद यादव, रामकिशोर कहार भी कांग्रेस में शामिल हुए।

जिला बनने से सुविधा मिलती है तो भाजपा करेगी विचार : केलकर

▸ 9 दिन के प्रवास के बाद केलकर ने साझा किए अनुभव

मुलताई, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र में चंद्रशेखर देशमुख को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद फीडबैक लेने मुलताई पहुंचे मुंबई ठाणे से भाजपा विधायक संजय केलकर ने भाजपा कार्यालय में शनिवार को पत्रकार वार्ता में मुलताई विधानसभा क्षेत्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। केलकर मुलताई को जिला बनाने के मामले को पहले टाल गए थे किंतु फिर उन्होंने इस संबंध में कहा कि भाजपा जिससे लोगों को सुविधा होती है ऐसा काम करती है अगर अलग जिला करने से लोगों को सुविधा मिलने वाली है तो भाजपा शासन आने वाले दिनों में निश्चित रूप से इस पर विचार करेगा। संजय केलकर 9 दिनों से मुलताई प्रवास पर रहकर पीढ़ियों से भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं, अलग-अलग संगठन, स्वयं सहायता समूह, सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से विधानसभा के विभिन्न राजनीतिक पहलुओं पर चर्चा कर जानकारी जुटा रहे थे। उन्होंने कहा कि मुलताई क्षेत्र में भाजपा का संगठन बहुत मजबूत है। हर बूथ में, हर गांव में, बूथ प्रमुख से लेकर पन्ना प्रमुख तक मजबूत संगठन बना है और भारतीय जनता पार्टी को आगामी चुनाव में जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत से लग गए हैं।

स्थानीय विधायक को लेकर लोगों में है गुस्सा: ठाणे के विधायक ने कहा के मैं जब लोगों से मिला तो मैंने देखा कि स्थानीय कांग्रेस विधायक के प्रति लोगों में गुस्सा है उन्होंने एक भी दिखाने लायक या सुनाने लायक काम नहीं किया। वह विधायक है, मंत्री भी रहे, मगर वैसा काम नहीं किया जिस प्रकार से काम होना था। कांग्रेस सिर्फ श्रेय की राजनीति करती है और हम सबका साथ सबके विकास की बात करते हैं। स्थानीय मतदाताओं में उनके प्रति गुस्सा साफ दिखाई देता है और इस बार जनता कांग्रेस के खिलाफ वोट कर जवाब देगी।

35 गांव के लोगों ने कहा हम खुश हैं समाधान हो रहा है: मुलताई क्षेत्र के 35 असिंचित ग्रामों के किसानों में रोष और उनकी सिंचाई समस्याओं के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से 35 ग्रामों के प्रतिनिधि मंडल की पूर्व विधायक चंद्रशेखर देशमुख के नेतृत्व में हुई भेंट के बाद मैंने उन ग्रामों में जाकर किसानों से चर्चा की उनका रोष वाजिब था किंतु अब मुख्यमंत्री से मिलने के बाद वह किसान कह रहे हैं कि अब कोई बात नहीं है समाधान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने आदेश दिए हैं और बांध स्वीकृति के बाद इसका लाभ किसानों को मिल सकेगा।

मुलताई को जिला बनाने ताप्ती बस एजेंट एसोसिएशन ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

मुलताई, देशबन्धु। पांढुर्णा को जिला बनाए जाए के बाद अब मुलताई को भी जिला बनाए जाने आंदोलन तेज होते जा रहा है। शनिवार बस स्टैंड पर मुलताई को जिला बनाने मां ताप्ती बस एजेंट एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने पोस्टकार्ड अभियान चलाया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखे और मुलताई को जिला बनाने की मांग की।

विगत 25 वर्षों से मुलताई को जिला बनाए जाने की मांग नगर वासियों द्वारा की जा रही है। बावजूद इसके मुलताई की जगह पांढुर्णा को जिला बनाए जाने से मुलताई वासियों में आक्रोश है और मुलताई वासियों द्वारा कहा जा रहा है कि यदि मुलताई को जिला नहीं बनाया गया तो, आने वाले चुनाव में चुनाव का बहिष्कार करेंगे। मुलताई नगर वासियों का कहना है कि जिला बनाया जाता है तो मुलताई में कलेक्ट्रेट, जिला अस्पताल, जिला न्यायालय आदि खुलेंगे जिसका सीधा फायदा मुलताई नगर वासियों को होगा। मुलताई नगर को जिला बनाए जाने के लिए विगत 25 वर्षो से आंदोलन चलरहा है।जिसके अंतर्गत कई बार धरना,प्रदर्शन, आंदोलन,ज्ञापन, हस्ताक्षर अभियान, पोस्टकार्ड अभियान, क्रमिक भुक्कड़ आदि की जा चुकी है। बावजूद इसके सरकार का मुलताई को जिला बनाए जाने की ओरकोई रुझान नहीं दिखाई देता।इसके चलते मुलताई नगर वासियों में नाराजगी साफ दिखाई दे रही है।

चुनाव को लेकर कांग्रेस का हुआ मंडलम सेक्टर बूथ प्रशिक्षण

सारनी, देशबन्धु। शहर उजाड़ रहा है युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्य एवं शहर जाना पड़ रहा है और चुनाव को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान घोषणा करने का कार्य कर रहे है। यह बात कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने घोड़ाडोगरी में मंडलम सेक्टर बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। घोड़ाडोंगरी राठौर मैरिज लान में रानीपुर, कुही, घोड़ाडोंगरी, कान्हावाडी, पाडर, पीसाजोड़ी, नीमपानी मंडलम का सेक्टर बूथ प्रशिक्षण जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, जिला संगठन मंत्री स्पेंसर लाल, घोड़ाडोंगरी विधायक ब्रह्मा भलावी, विधानसभा प्रभारी शांतिलाल तातेड, डॉ राजेंद्र देशमुख, विधानसभा एलडीएम अशोक राठौड़ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। घोड़ाडोंगरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की बात रखे।

एनएसयूआई ने प्रदर्शन कर जलाया पुतला

बैतूल, देशबन्धु। इंदौर के देवी अहिल्या विश्व विद्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार की विरोध में प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को बैतूल में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष जैद खान के नेतृत्व में लल्ली चौक पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं को विरोध से रोकने के लिए पुलिस द्वारा वाटर कैनन का प्रयोग किया गया। इस दौरान पुलिस की झूमा झटकी में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जैद खान चोटिल हो गए। पुलिस की कार्यप्रणाली पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की है। जिला अध्यक्ष जैद खान ने बताया कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में पिछले काफी समय से विवाद की स्थिति बनी हुई है। लगातार छात्रों द्वारा प्रदर्शन और हंगामा किया जा रहा है। क्योंकि परीक्षा के परिणाम भी ठीक नहीं आए है और कई अन्य मांगों को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

▸ गणेश उत्सव के लिए मूर्ति बुक करने बाइक से गए थे मोर्शी

मुलताई, देशबन्धु। वरूड तीवसा के पास शुक्रवार रात सड़क दुर्घटना में नगर के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि नगर के दो युवक जो गणेश उत्सव के लिए मूर्ति बुक करने बाइक से महाराष्ट्र के मोर्शी गए हुए थे। जहा से वापस लौटते समय वरूड तिवसा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वे दूर फीका गए। जिसमे से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुलताई निवासी लक्ष्य उर्फ लक्की साबले (22साल) और देव चंदेल (23 साल) बाइक से मोर्शी गए हुए थे। परिजनों के अनुसार मोहल्ले में गणेश उत्सव मनाया जाता है और गणेश उत्सव के लिए मोर्शी से मूर्ति लाई जाती है। मोर्शी जाकर यह लोग मूर्ति बुक कर वापस आ रहे थे। इसी दौरान वरुड तिवसा के पास एक अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे मौके पर ही लक्ष्य की मौत हो गई। वहीं देव बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। एंबुलेंस के माध्यम से देव को मुलताई के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। देव की हालत गंभीर बनी हुई है। वही 22 वर्षीय लक्ष्य की मौत की खबर से नगर का माहोल गमगीन हो गया।

नागपंचमी के दिन नदी में बहे ग्रामीण का 3 दिन बाद झाड़ियों में फंसा मिला शव

मुलताई, देशबन्धु। बोरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम सोमाढाना निवासी ग्रामीण का शव बेल नदी में झाड़ियों के बीच फंसा मिला। ग्रामीण नाग पंचमी के दिन ग्राम मोरखा के पास स्थित धनगौरी बाबा मंदिर के पास स्थित बेल नदी में बह गया था। बोरदेही पुलिस थाने के प्रधान आरक्षक मनोज डेहरिया ने बताया ग्राम सोमाढाना निवासी हंसूलाल धुर्वे 54 साल बीते 21 अगस्त को नागपंचमी पर पूजा करने के लिए धनगौरी बाबा मंदिर गया था। हंसुलाल नहाने के दौरान बेल नदी में बह गया था। शुक्रवार को हंसुलाल का शव मंदिर के पास से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बेल नदी में किसान ललित उइके के खेत के पास झाड़ियों में फंसा मिला। किसान ललित को झाड़ियों में बदबू आने से देखा तो शव दिखाई दिया जिसकी ग्रामीणों को जानकारी दी। मृतक के पुत्र प्रकाश धुर्वे की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

कांग्रेस सेवादल ने फल वितरण कर मनाई हार्डीकर की पुण्यतिथि

हरदा, देशबन्धु। कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि कांग्रेस सेवादल के संस्थापक नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की पुण्यतिथि कांग्रेस सेवादल द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण और जिला अस्पताल में फल वितरण कर मनाई गई। वहीं मरीजों से उनकी बीमारी एवं इलाज के बारे में जानकारी लेकर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत टाले, जिला अध्यक्ष ओम पटेल, संजय पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल, किसानों को खाद वितरित करने कृषि विभाग कर्मियों की लगाई ड्यूटी

बैतूल, देशबन्धु। विगत दिनों कोऑपरेटिव सोसायटी कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चित कालीन हडताल की घोषणा से कृषकों द्वारा यूरिया प्राप्ति को लेकर चिंता व्यक्त की गई थी। इस संबंध में कलेक्टर बैतूल के निर्देशानुसार सभी उर्वरक व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की बैठक जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक में की गई जिसमें विशेष रूप से आमंत्रित अध्यक्ष को ऑपरेटिव सोसायटी कर्मचारी संघ जिला बैतूल नें बताया कि यूरिया की कृषकों की तत्कालीन जरूरतों को देखते हुए संघ के कर्मचारी यूरिया खाद का समितियों से वितरण जारी रखेंगे। इस प्रकार जिले में समितियों के नियमित सदस्य यूरिया का उठाव अपनी समिति से कर सकते हैं। जिले में धान व मक्का हेतु कृषक यूरिया का लगातार उठाव कर रहे हैं। वर्तमान में जिले में 4553 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। जिले की सभी 91 सहकारी समितियों के अलावा मार्कफेड के अधीन 11 केन्द्रों तथा एमपी एग्रो के अधीन 1 केन्द्र से कृषकों को यूरिया का प्रदाय जारी है। कृषि विभाग द्वारा अपने स्टाफ की डयूटी चयनित उर्वरक निजी विक्रेताओं स्तर पर लगाई गई है जिससे गैर ऋणी तथा डिफाल्टर कृषकों को यूरिया प्राप्त करनें में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो।किसानों को खाद प्राप्ति में असुविधा ना हो इसके लिए कृषक यूरिया प्राप्ति में समस्या होनें पर कार्यालयीन समय में दूरभाष पर सूचना देकर निवारण प्राप्त कर सकते हैं।

विस चुनाव में गोंगपा उतारेगी प्रत्याशी

आमला, देशबन्धु। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की बैठक खांडे पिपरिया के सामुदायिक भवन ग्राम टीकाबर्री में संपन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि विधानसभा चुनाव में सभी सीटों से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगी। इसे लेकर रणनीति भी बनाई गई और विधानसभावार पदाधिकारियों की नियुक्त की गई। यह नियुक्ति गोंगपा के प्रदेश महासचिव राजेश वट्टी, जिला अध्यक्ष हेमंत सरियाम, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनिल सोनपुरे, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप पाल, जिला महामंत्री विनोद मालवी की अनुशंसा पर की है। जिसमें बाकुड़ मानूलाल मर्सकोले को विधान सभा, दिनेश नवड़ेती ब्लाक अध्यक्ष, रैयतवाड़ी के सुरेश पंद्राम को सचिव, अरूण उइके को टिकाबर्री सचिव, मोहनढाना के चिन्तूलाल उइके को ब्लाक उपाध्यक्ष तथा मंडल अध्यक्ष के रूप में वार्ड 7 के श्यामराव टेकाम को मंडल अध्यक्ष ब्लाक सारणी तथा बांसखापा के अनिल बामने को एससी प्रकोष्ठ का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

संगीता बनी ब्लॉक शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष

बैतूल, देशबन्धु। विधायक निलय डागा की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल ने बैतूल विधानसभा के तीनों ब्लॉकों में महिला कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जिसमें संगीता अशोक राठौर को बैतूल ब्लॉक शहर का अध्यक्ष, सुशीला हितेश तिवारी एवं कविता पंवार को कार्यवाहक अध्यक्ष, बैतूल ग्रामीण में सुशीला सिरसाम को अध्यक्ष एवं संजू सुरेंद्र सिंह राजपूत, किरण तुलसीराम पारधे को कार्यवाहक अध्यक्ष, आठनेर ब्लॉक में किरण सावरकर को अध्यक्ष व प्रवीण गजेंद्र खलतकर को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया है। वहीं नगर अध्यक्षों में बैतूल बाजार नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रेणुका नीतू वर्मा, आठनेर नगर महिला कांग्रेस की ममता भरत बसंतपुरे, बडोरा नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता पप्पू नागले भडूस में निर्मला बाथरी मांडवी उर्मिला सुखदेव पटैया सातनेर इंद्रावती चंद्रकिशोर धाकड़ व खेड़ीसावलीगढ नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर दुर्गा बारस्कर की नियुक्ति की है।

ज्ञानेश्वर शिव मंदिर में 3 दिवसीय अभिषेक अनुष्ठान का समापन

मुलताई, देशबन्धु। नगर के मासोद रोड पर स्थित ज्ञानेश्वर शिव मंदिर परिसर में शनिवार को तीन दिवसीय मेरे शिव सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक अनुष्ठान का समापन हुआ। तीन दिनों में शिव भक्तों ने सवा लाख से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर अभिषेक किया। पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने वाले साधकों को मंदिर समिति की ओर से रूद्राक्ष भेंट किए गए। शनिवार को सुबह 8 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्य शुरू हो गया था। अंतिम दिन शिव भक्तोंने 40 हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। इसके पहले दो दिन में भक्तों ने 1 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया था। अंतिम दिन दोपहर 12 बजे तक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हुआ।

इसके बाद आचार्य पं. संजय जोशी, पं. नीलेश जोशी, पं. दीपक व्यास, पं. अश्विन तिवारी, पं. अवधबिहारी द्विवेदी, पं. गगन शर्मा, पं. संदीप जोशी के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद भंडारा प्रसादी के साथ अनुष्ठान का समापन हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया नगर में सावन मास में पहली बार सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का अनुष्ठान किया गया। जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवभक्तों ने सहभागीता करते हुए पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान के समापन पर मंदिर समिति के सदस्यों ने अगले साल 10 फरवरी से 18 फरवरी तक सहस्त्र चंडी महायज्ञ अनुष्ठान करने का संकल्प लिया।

गायत्री शक्तिपीठ में संगोष्ठी के साथ स्नेह यात्रा का समापन

मुलताई, देशबन्धु। मध्य प्रदेश शासन द्वारा जन अभियान परिषद के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जिलों में स्नेह यात्राओं का आयोजन भव्य स्तर पर किया गया। जिले के सालबर्डी से निकली यह स्नेह यात्रा, जिले के विभिन्न विकास खंडों से होते हुए शनिवार मां ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई पहुंची। जहां पर गायत्री शक्तिपीठ में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के साधकों सहित नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। इस स्नेह यात्रा में गुजरात भावनगर से राज्यमंत्री दर्जा साधवी आत्मानंद सरस्वती ने सभी को मार्गदर्शन देते हुए सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विगत दिनों एकात्मक यात्रा का आयोजन भव्य स्तर पर कराया गया था। जिससे पूरे मध्य प्रदेश में धर्म जागरण संभव हो पाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुलताई के पूर्व विधायक चंद्रशेखर देशमुख, गायत्री परिवार के रामदास देशमुख, निर्मल चौधरी, मीरा देशमुख, यादवराव निंबालकर, नारायण देशमुख, मोनू तपन खंडेलवाल, राम किशोर शिवहरे, ओमकार टिटारे, बिंदु महोबे, कृष्णा साहु आदि उपस्थित रहे। गायत्री शक्तिपीठ में संगोष्ठी के पश्चात संत रविदास मंदिर एवम् ताप्ती मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात आरती द्वार पर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में सहयोग करने वाले समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं सहयोगी संगठन के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित

सार समाचार

सीएम जनसेवा मित्रों ने किया लोक सेवा केंद्रो का भ्रमण

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिले के सभी 210 सीएम जनसेवा मित्रों ने शनिवार को अपने क्षेत्र के लोक सेवा केन्द्रों का भ्रमण किया। जहां उन्हें लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से दी जा रही सेवाओं और कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। लोक सेवा केंद्र संचालकों ने सीएम जनसेवा मित्रो को लोक सेवा गारंटी अधिनियम की विशेषताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुरुआत में 9 विभागों की 26 सेवाओं को इस अधिनियम के दायरे में रखा गया था। जिन्हें अब तक बढ़ाकर कुल 53 विभागो की 625 सेवाओं को अधिनियम के दायरे में लाया गया है।

वर्तमान में अधिसूचित सेवाओं में 263 सेवाओं के ऑनलाईन आवेदन लिये जा रहे हैं। इन सेवाओं को प्रदान करने के लिये निश्चित समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस समय-सीमा में पदाभिहित अधिकारी को यह सेवा प्रदान करनी होगी। समय-सीमा में कार्य न करने अथवा अनावश्यक कारणों से विलम्ब करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को दण्ड देने का प्रावधान है। दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर 250 रूपये से लेकर 5000 रूपये तक के दंड की व्यवस्था की गई है। दण्ड के रूप में मिलने वाली राशि का एक अंश पीड़ित व्यक्ति को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाती है।नागरिकों को बेहतर एवं सरलतापूर्वक सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय क्षेत्र में लोक सेवा केन्द्र की स्थापना की गई है, जिनका सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। ज़िले में कुल 09 लोक सेवा केन्द्र संचालित है।

कर्नाटक और पश्चिम बंगाल तक पहुंच रही सफेद रेशम की चमक

• **अक्षय नेमा**

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिले की ककून (रेशम के कीड़े द्वारा निर्मित कोवा) मंडी आज देश भर के ककून व्यापारियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसका एक कारण प्रदेश भर के करीब 500 पंजीकृत किसानों का ककून प्रदेश सहित कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के करीब 12 पंजीकृत व्यापारियों को एक जगह उपलब्ध हो जाता है। जिससे व्यापारियों को ककून की खरीदी और उसे ले जाने में आसानी होती है।

बताया जाता है कि यहां से पिछले 10 महीने में 510 क्विंटल ककून बेचा गया है। जिससे ककून उत्पादक 500 किसानों को करीबन 2.15 करोड़ की आमदनी हुई है। ज्ञात हो कि जिले के मालाखेड़ी में 6 अक्टूबर 2022 को मप्र की पहली ककून मंडी का शुभारंभ हुआ था। यह प्रदेश में एकमात्र मंडी है जहां पर ककून का बाजार लगता है।

जिले में होता है सफेद रेशम

प्रदेश सहित जिले में ककून का उत्पादन किया जा रहा है। अन्य प्रदेशों को तुलना में हमारे प्रदेश में सफेद ककून का उत्पादन होता है। हालांकि इस बार बारिश के कारण ककून की फसल में थोड़ा अंतर आया है। किसानों और व्यापारियों का कहना है कि बारिश के कारण ककून से कम धागा निकलेगा। लेकिन अन्य राज्यों की तुलना में हमारे यहां का ककून अधिक सफेद होने से इसके धागे की चमक ज्यादा रहती है। यही वजह है कि पश्चिम बंगाल और कर्नाटक के व्यापारी यहां का ककून खरीदने आ रहे हैं।

किसानों को मिल रहे अच्छे दाम

प्रदेश सहित जिले में वर्तमान स्थिति में 500 ककून उत्पादक किसान हैं। इन किसानों से पहले 300 रुपए किलो तक रेशम विभाग ही धागा बनाने के लिए ककून की खरीदी करता था। ककून मंडी बनने के बाद इन किसानों को अब 600 से 700 रुपए किलो तक भाव मिल रहा है। लेकिन अभी बारिश के कारण ककून फसल में आए अंतर से अन्य जिलों से ककून लेकर आए किसानों को कम दामों में समझौता करना पड़ रहा है।

इनका कहना है

ककून लेकर गुना जिले से आया हूं। डेढ़ एकड़ में ककून की फसल तैयार की है। सालाना 2 से ढाई लाख रुपए की बचत होती है। बीते 8 सालों से यह काम कर रहा हूं। विभाग से भी अच्छी खासी मदद मिल जाती है। बस गुना से यहां तक लाने में 30 रुपए प्रति किलो का खर्चा आता है।

गजराज, किसान गुना

कोवा लेकर गुना से आए हैं। 5 से 6 एकड़ में फसल तैयार करते हैं। अभी करीब 80 किलो कोवा लेकर आए हैं। सालाना फायदा लाख दो लाख रुपए हो जाता है। साल में 6 से 7 बार आना होता है। गुना के रेशम केंद्र से कोई मदद नहीं मिलती है। अधिकारी भी परेशान करते हैं।

सोनू प्रजापति, किसान गुना

यहां के ककून की विशेषता है कि यह सफेद रहता है। मार्च का ककून अच्छा होता है लेकिन बारिश में ककून में अंतर आ जाता है। इस ककून में धागा टूट टूट कर बनता है। महीने में यहां से दो टन के करीब माल लेजाते हैं।

मो नजरूल, व्यापारी, पश्चिम बंगाल

हर बार यहां ककून खरीदने आते हैं। यहां से ककून कर्नाटक और पश्चिम बंगाल तक जाता है। यहां के ककून में बारिश अधिक होने से क्वालिटी नहीं आती। जनवरी फरवरी में क्वालिटी थोड़ी अच्छी होती है। यहां से हर बार एक दो टन माल लेकर जाते हैं।

लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, व्यापारी, बनखेड़ी

28 से 31 अगस्त तक प्रत्येक मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष कैंप

नर्मदापुरम, देशबन्धु। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत जिले में छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्यवाही 31 अगस्त तक जारी है। रविवार 27 अगस्त के विशेष शिविर के अतिरिक्त अब 28 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रत्येक मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाएं जाएंगे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने क्षेत्र में डोर टू डोर भ्रमण कर छूटे हुए मतदाताओं विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं एवं महिलाओं के फॉर्म भराएं जाएंगे। सेक्टर अधिकारी भी इस दौरान फील्ड में रहकर नाम जोड़ने की कार्यवाही कराएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सभी सेकटर अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। शनिवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत सोहागपुर एवं पिपरिया में सेक्टर अधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि यह मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अंतिम अवसर है।

मतदाता सूची में कोई भी 18 से 19 वर्ष के मतदाता और महिला का नाम न छुटे। 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम भी जोड़े जाएं। सेक्टर अधिकारियों के साथ रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सतत मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर एवं एसपी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधियों के साथ संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों की भी सेक्टरवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित कर वहां आवश्यक कार्यवाही की जाएं। उन्होंने क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ सिंह ने सभी सेक्टर पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि आचार संहिता के उल्लंघन, अवैध शराब के विक्रय, आर्म्स एक्ट के उल्लंघन, अपराधो की स्थिति सहित अन्य कानून एवं व्यवस्था के मुद्दों की निर्धारित बिंदु पर सेक्टरवार जानकारी बनाएं। संवेदनशील केंद्रो की निर्धारित प्रारूप वीएम 1, वीएम 2 एवं वीएम 3 में व्यवस्थित जानकारी तैयार करें। यह जानकारी अपने सेक्टर ऑफिसर के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी अनिवार्य रुप से मतदान केंद्रों का संयुक्त भ्रमण करें।

वलनरेबल मैपिंग के लिए संयुक्त रूप से 3 भ्रमण किया जाए। उन्होंने पुलिस बल को अवैध शराब के विक्रय, आर्म्स एक्ट के उल्लंघन सहित अन्य अपराधो के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देशदिए। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने पिपरिया एवं सोहागपुर के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर निर्वाचन सामग्री के वितरण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पिपरिया के ग्राम सिंघोड़ी एवं सिंघोड़ा के मतदान केंद्रों और सोहागपुर में ग्राम किवलारी के केंद्रो भी निरीक्षण कर बीएलओस को 31 अगस्त तक सभी 18 प्लस आयु के मतदाताओं के नाम जुड़वाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पिपरिया में एसडीएम संतोष कुमार तिवारी, एसडीओपी पिपरिया, एसडीएम सोहागपुर बृजेन्द्र रावत, एसडीओपी मदन मोहन सहित सभी सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर उपस्थित रहें।

आज शनि आयेगा आपके समीप, पृथ्वी और सूर्य की सीध में

टेलिस्कोप से ही देखे जा सकते हैं शनि के रिंग

इटारसी, देशबन्धु। कल 27 अगस्त को शनि आपके समीप रहेगा। लगभग एक साल में एक बार होने वाली खगोल विज्ञान की इस घटना की वैज्ञानिक जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया परिक्रमा करते हुये पृथ्वी आज सूर्य और शनि के बीच पहुंचेगी। इस तरह शनि, पृथ्वी और सूर्य तीनो एक सीधी रेखा में रहेंगे। इस समय शनि पृथ्वी के सबसे समीप होगा, जिससे यह अपेक्षाकृत अधिक चमकीला महसूस होगा।

सारिका ने बताया कि भारतीय समय के अनुसार यह दोपहर 1 बजकर 50 मिनिट पर ठीक सीध में पहुंचेगा। लेकिन इसका दिखना शाम सूर्योस्त के बाद पूर्व दिशा में आरंभ होगा। शनि रात भर आकाश में भ्रमण करता दिखकर सुबह सबेरे सूर्यादय के पहले पश्चिम में अस्त होगा। अगर आपके पास टेलिस्कोप है और बादल बाधा नहीं बनते हैं तो इसे रिंग के साथ चमकता देख सकते हैं।

बिना टेलिस्कोप यह एक मध्यम तारे के जैसा दिखेगा तथा इसके रिंग खाली आंखों से नहीं देखे जा सकेंगे।सारिका ने बताया कि अपोजीशन के समय सेटर्न की पृथ्वी से दूरी लगभग 131 करोड़ 9 लाख किमी होगी। इसका प्रकाश आप तक पहुंचने में लगभग 73 मिनट लग रहा होगा। इसके रिंग 8.1 डिग्री के कोण पर झुके होंगे। सारिका ने बताया कि चूंकि शनि की सूर्य से दूरी, पृथ्वी की सूर्य से दूरी की तुलना में लगभग साढ़े नौ गुना अधिक है इसलिये शनि के अपोजीशन की इस घटना में कोई चमत्कारिक अंतर नहीं आता है, जैसा कि सोशल मीडिया में बढ़-चढ़ कर बताया जाता है। लगभग एक साल में होने वाली खगोलीय घटना 2024 में 8 सितंबर को होगी। अगर बादल बाधा बने तो निराश मत होईयेगा क्योंकि शनि, शाम के आकाश में फरवरी 2024 तक रहेगा। ये बात जरूर है कि हर दिन वह जाता जायेगा, आपसे कुछ और दूर।

उच्च शिक्षा में मिश्रित अध्यापन एवं अध्ययन की प्रासंगिकता पर वेबीनार

इटारसी, देशबन्धु। उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में उच्च शिक्षा में मिश्रित अध्यापन एवं अध्ययन की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ के डीन डॉ. विभूति भूषण मलिक, मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर, राजस्थान से डॉ. दीपिका धमेजा, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल से डॉ. मीनाक्षी राठी शामिल रहे।

स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि कॉविड-19 के अनुभवों से सीख कर वर्तमान समय की आवश्यकता को उच्च शिक्षा में मिश्रित अध्यापन एवं अध्ययन को समावेशित किया जाए। मिश्रित शिक्षा केवल ऑनलाइन और ऑफ लाइन के तरीकों का मिश्रण नहीं है बल्कि यह दोनों में सार्थक गतिविधियों के एक सुनियोजित संयोजन को संदर्भित करता है। वेबीनार के विषय के परिभाषित करते हुए महाविद्यालय की आइक्यूएसी प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि मिश्रित शिक्षण एक ऐसी पद्धति है जो की छात्र-केंद्रित शिक्षण मॉडल है।

यह एक सीखने का तंत्र है जो कक्षा के छात्रों और दूरस्थ शिक्षार्थियों के लिए समान रूप से फायदेमंद हो सकता है। डॉ. विभूति भूषण मलिक ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा उच्च शिक्षा में मिश्रित शिक्षण के विभिन्न मुद्दों एवं चुनौतियां पर विचार प्रस्तुत किये। अपने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों को प्राप्त करने में मिश्रित अध्यापन एवं अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. दीपिका धमीजा ने मिश्रित शिक्षा उच्च शिक्षा का भविष्य है विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विचार प्रस्तुत किया।

डॉ. मीनाक्षी राठी ने ऑनलाइन टीचिंग और लर्निंग टूल्स विषय पर पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। वेबीनार में अनेक प्रतिभागियों ने विषय से संबंधित पेपर प्रस्तुत किये। वेबीनार आयोजन सचिव एवं कार्यक्रम की संचालिका डॉ. हर्षा शर्मा ने कहा कि भारत की उच्च शिक्षा में नवाचार और सफलता के लिए मिश्रित अध्यापन एवं अध्ययन अति आवश्यक है। कार्यक्रम के सह सचिव डॉ. संजय आर्य ने मिश्रित शिक्षा के गुणों को समझाते हुए कहा कि मिश्रित शिक्षा शिक्षकों को अपने पाठ्यक्रम डिजाइन करने और वितरित करने में अधिक लचीलापन स्वायत्तता और रचनात्मकता प्रदान करती है डॉ. शिरीष परसाई ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि व्यक्तिगत और ऑनलाइन शिक्षा को पूरक बनाकर मिश्रित शिक्षण, एक एकीकृत कक्षा बनाता है जहां सभी प्रकार के विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। वेबीनार में संपूर्ण भारत से अनेक प्रतियोगियों ने भाग लिया।

संविधान हमारे देश का सबसे बड़ा कानून, उससे ऊपर कोई नहीं

इटारसी, देशबन्धु। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीष चन्द्र शर्मा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी द्वारा एचएल अग्रवाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए द्वितीय जिला न्यायाधीश ललित कुमार झा ने बताया कि भारत का संविधान है, जो भारत का सर्वोच्च विधान है। संविधान से ऊपर कोई नहीं है, कार्यपालिका एवं न्याय पालिका किस तरह अपना कार्य करेगी सब कुछ संविधान में वर्णित है। संविधान हमारे देश का सबसे बड़ा कानून है, वो सब पर लागू होता है। उसके हिसाब से देश चलता है। व्यक्ति का मौलिक कर्तव्य है कि व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधियों के हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ते रहना है। सफलता का सूत्र है साफ नियत, सकारात्मक सोच उत्साह, लगन एवं हर काम मन लगाकर करना। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति के साथ दुर्घटना हो जाती है एवं परिवार न्यायालय में केस लड़ने में सक्षम नहीं है तो न्यायालय परिसर में स्थित विधिक सहायता के ऑफिस में अपना आवेदन देकर निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही स्त्री या बच्चे, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सदस्य ऐसे व्यक्ति जिनकी आय दो लाख रुपये से कम हो एवं जेल में अभिरक्षित व्यक्ति निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर जिनेन्द्र कुमार जैन विधिक सेवा सदस्य, शाला प्रबंधक संजय अग्रवाल, प्राचार्य श्रीमती राधिका चौधरी, सहित शाला स्टाफ उपस्थित रहा।

करनपुर स्थित वेयरहाउस पर खरीदी गई साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा कि अमानक मूंग

केंद्र प्रभारी और दो सर्वेयर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा की गई शिकायत पर हुई कार्यवाही

सोहागपुर, देशबन्धु। ग्रीष्मकालीन सरकारी मूंग खरीदी में बड़ा घोटाला सामने आया है, यहां करणपुर स्थित वेयरहाउस पर केंद्र प्रभारी और सर्वेयर ने मिलकर करीब 5.57 करोड़ रुपए की 7346 क्विंटल अमानक मूंग खरीद ली। सोहागपुर के कृषि विस्तार अधिकारी आरएस राजपूत द्वारा की गई शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में केंद्र प्रभारी वीरेंद्र रघुवंशी उर्फ पाउआ और दो सर्वेयर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

यह घोटाला तब सामने आया जब सोहागपुर के करनपुर स्थित रामवेयर हाउस पर कृषि विस्तार अधिकारी आरएस राजपूत व उनकी टीम अचानक निरीक्षण करने पहुंची थी। इस दौरान टीम को अमानक और कचरे वाली मूंग मिली। जिसके बाद टीम ने पंचनामा बनाकर जांच करवाई गई। जिसमें धोखाधड़ी की बात सामने आने के बाद बीती शाम सोहागपुर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया। सोहागपुर एसडीओपी चौधरी मदन मोहन समर ने बताया आरोपी वीरेंद्र रघुवंशी केंद्र प्रभारी है। दीपक मौर्या निवासी खापरखेड़ा व मनोज विश्वकर्मा निवासी सागर दोनों सर्वेयर हैं। तकरीबन 7346 क्विंटल अमानक नॉन एफएक्यू मूंग खरीदी गई है। कृषि विस्तार अधिकारी के आवेदन पर तीनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इनका कहना है

टेकापार प्रभारी समिति प्रबंधक और दो सर्वेयर के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 का मामला दर्ज किया गया है। अमानक स्तर की मूंग खरीदी के खिलाफ कृषि व्यवस्था अधिकारी के आवेदन पर यह कार्यवाही हुई।

-मदन मोहन समर,
एसडीओपी, सोहागपुर

बाहरी बनाम स्थानीय : बाहरी के खिलाफ लामबंद हुए स्थानीय टिकिटार्थी

• **गजेन्द्र सिंह पटैल**

बनखेड़ी, देशबन्धु। ज्यों ज्यों विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है त्यों त्यों राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। नर्मदापुरम जिले की एकमात्र आरक्षित सीट पिपरिया पर 2008 से भाजपा ही काबिज है ऐसे में कांग्रेस के लिए इस विधानसभा की डगर आसान नहीं है। कांग्रेस से टिकट की चाहत लिए करीब दो दर्जन उम्मीदवारों ने भोपाल दिल्ली की परिक्रमा करना प्रारंभ कर दिया है। प्रमुख दावेदारों में 2018 में प्रत्याशी रहे हरीश बेमन, 2013 में प्रत्याशी रहीं ममता नागौत्रा के अलावा पेट्रोल पंप संचालक लीलाधर मेहरा, सांडिया निवासी हेमंत नरवरिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र बेलवंशी और रेल्वे में टीटीई के पद पर कार्यरत मनोज नागोत्रा शामिल हैं। इनके अलावा एक और नाम गुरुचरण खरे का है। कमलनाथ सरकार में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य तथा राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गुरुचरण खरे भी पिपरिया विधानसभा में अपनी सक्रियता दिखा रहे है।

बहुत कठिन है डगर पिपरिया की

पिपरिया विधानसभा के अतीत पर नजर डालें तो आखिरी बार 1993 में कांग्रेस के सुरेश राय विधायक चुने गये थे तब से अब तक कांग्रेस यहां कुर्सी से दूर ही है। भाजपा सामान्य सीट के बाद आरक्षित सीट घोषित होने पर भी अपना दबदबा लगातार बनाये हुए है। 1998 में भाजपा के हरिशंकर जायसवाल तथा 2008 से अब तक भाजपा के ठाकुरदास नागवंशी लगातार काबिज हैं। अपने सहज सरल व्यवहार के कारण विधायक ठाकुरदास नागवंशी की लोकप्रियता लगातार बनी हुई है। सिर्फ अपने व्यवहार के कारण ही विधायक श्री नागवंशी के सामने भाजपा के अन्य सभी दावेदार कहीं टिकते नजर नहीं आते हैं। भाजपा से टिकट की दौड़ में डॉ. निष्ठा नागर, हेमंत भन्नरवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र पठारिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष संध्या सिंगारे भी शामिल हैं। इस बार भी कांग्रेस पार्टी के लिए पिपरिया विधानसभा की डगर आसान नजर नहीं है।

बाहरी और स्थानीय की चर्चा तेज

जुन्नारदेव निवासी राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गुरुचरण खरे की सक्रियता से क्षेत्र में चर्चा है कि पहले भी यहां 1998 में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह तथा 1999 में पूर्व मंत्री राजकुमार पटैल जैसे दिग्गज बाहरी होने के कारण लोकसभा का चुनाव हार चुके हैं। जबकि 2003 में कांग्रेस के दिग्गज नेता रामेश्वर नीखरा भी पिपरिया विधानसभा से किस्मत आजमा चुके हैं लेकिन सफल नहीं हुए। ऐसे में खरे कितना कमाल दिखा पायेंगे ये समय ही बतायेगा। गुरुचरण खरे की पूर्व मुख्यमंत्री व पीसीसी चीफ कमलनाथ से नजदीकी ने स्थानीय दावेदारों को चिंता में डाल दिया है। इस संबंध में स्थानीय दावेदार लगातार बैठकें करके रणनीति बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री और सूचना प्रसारण मंत्री ने मन की बात पर आधारित पुस्तकों का किया विमोचन

प्रधानमंत्री के 'मन की बात' जन की बात है : शिवराज

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सवा सौ करोड़ भारतवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का क्रांतिकारी नवाचार मन की बात आज देश के जन-जन की बात बन चुकी है। श्री मोदी अपनी सोच, अपने विचार और विजन को बहुत सहजता से समझा देते हैं। किसान हो या इंजीनियर, वैज्ञानिक हो या लेखक, छात्र हो या शिक्षक, आमजन हो या राजनेता, श्रोताओं का कोई भी समूह उनके साथ ऐसे जुड़ जाता है, मानो वे उन्हीं में से एक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात से लोगों की चिंताओं और आकांक्षाओं से सीधे जुड़ते हैं। श्री चौहान प्रधानमंत्री श्री मोदी की मन की बात पर आधारित 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' पुस्तक के भाग 2 और भाग 3 के विमोचन कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान और केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इन पुस्तकों का विमोचन किया।

श्री चौहान ने युवाओं से अपील की है कि वे इन किताबों को अवश्य पढ़ें। यह अमूल्य खजाना है, इसमें मोती मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात', जन-जन की बात है। 'मन की बात' सामाजिक मुद्दों के लिए एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' एक अद्भुत पहल है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को विजनरी प्राइम मिनिस्टर के रूप में निरूपित करते हुए उनके साथ के संस्मरणों का जिक्र किया। जिसमें देश के नव निर्माण के लिए प्रधानमंत्री की कल्पना परिलक्षित होती है। श्री चौहान ने कहा कि सीधा संवाद, समावेशिता और भागीदारी, एकता और राष्ट्रीय पहचान, प्रेरणा और उत्साहवर्धन, सरकारी नीतियों तथा योजनाओं के बारे में जागरुकता, पारदर्शिता और जवाबदेही, डिजिटल पहुंच का विस्तार मन की बात के प्रमुख आयाम हैं। इसके माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक सामाजिक मुद्दों पर देश के जन-जन से चर्चा की गई है। मन की बात देश के विभिन्न क्षेत्रों की परम्पराओं, त्यौहारों और प्रथाओं पर प्रकाश डालकर भारत की समृद्ध विरासत को भी प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पुस्तक के अध्ययन के लिए प्रेरित किया तथा पुस्तकों के विमोचन के लिए भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश को चुनने के लिए आभार माना। इस मौके पर खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग तथा अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन, प्रकाशन विभाग की महानिदेशक सुश्री अनुपमा भटनागर द्वारा किया गया।

भारत का युवा अब रोजगार देने वाला बना : ठाकुर

विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल एवं युवा मामले के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी भाषण प्रेरक रहे हैं। उनके हर भाषण में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनमें से पुस्तक की रचना के लिए भाषणों का चुनाव करना चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों के एक खंड में 86 प्रेरक और दूसरे खंड में 80 प्रेरणादायी भाषणों का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों में से महत्वपूर्ण विषयों पर उनके संबोधनों का संकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें स्टार्टअप इंडिया, सुशासन, नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति, आत्मनिर्भर भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री के संबोधनों को समाहित किया गया है। श्री ठाकुर ने युवाओं और शोधकर्ताओं से इन पुस्तकों को अवश्य पढ़ने की अपील की है, इनमें बहुत कुछ जानने और सीखने के लिए मिलता है। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के साउथ पोल पर भारत के विक्रम लैंडर का उतरना एक बड़ी उपलब्धि है और दुनिया में पहली बार ऐसा हुआ है। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत का युवा अब रोजगार देने वाला (जॉब गिवर) बन गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत ने दुनिया की तुलना में सर्वाधिक एक लाख से अधिक स्टार्टअप्स भारत में हैं। उन्होंने यूपीआई और भीम ऐप जैसे ऐप का जिक्र करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान की दुनिया में अब सर्वाधिक लेन-देन 46 प्रतिशत भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में 45 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं और डीबीटी सिस्टम से हितग्राहियों को राशि सीधे पहुंचती है।

श्री ठाकुर ने कहा कि दुनिया में सबसे सस्ता डेटा अब भारत में मिलने के साथ ही भारत ने अपनी 5जी तकनीक बना ली है और भविष्य में 6जी तकनीक बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि बीमारू राज्य की बजाय नई सरकार के आने के बाद से मध्यप्रदेश सबसे आगे के राज्यों में से एक बन गया है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं और केवल मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई का पाठ्यक्रम हिंदी में तैयार किया गया है। श्री ठाकुर ने सीखो कमाओ योजना एक अनूठी य़ोजना बताया।

मल्टीमीडिया प्रदर्शन का किया उद्घाटन

शुभारंभ से पूर्व परिसर में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा '9 साल: सेवा सुशासन और गरीब कल्याण' के साथ ही 'नया भारत: सशक्त भारत' विषय पर आयोजित मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल एवं युवा मामले के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रकाशन विभाग द्वारा एक स्टॉल का आयोजन किया गया है जिसमें विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकें अवलोकन और बिक्री के लिए उपलब्ध कराई गईं।

मुख्यमंत्री ने मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच का किया अनावरण, कहा

मेट्रो को भोपाल से मंडीदीप, फिर बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक ले जाया जाएगा

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेट्रो ट्रेन केवल भोपाल शहर तक सीमित नहीं रहेगी। इसे भोपाल से मंडीदीप और फिर बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक ले जाया जाएगा। मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन इन्दौर और भोपाल में सितम्बर माह में आरंभ हो जाएगा और अप्रैल-मई तक ट्रेन चलने लगेगी। अब भोपाल और इन्दौर मेट्रो रेल सिटी होंगे। मेट्रो ट्रेन से लोगों के आवागमन का समय बचेगा और सफर भी आरामदायक रहेगा। श्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच के अनावरण समारोह में बोल रहे थे।

हमारी पिछली सरकार ने भोपाल और इन्दौर को मेट्रो सिटी बनाने का निर्णय लेकर इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया था, लेकिन दूसरी सरकार आने के कारण पंद्रह महीने काम बंद रहा। कोरोना की कठिन परिस्थितियों के बाद भी हमारी सरकार ने भोपाल और इन्दौर में मेट्रो रेल के लिए तेजी से कार्य किया। नगरीय विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भोपाल और इन्दौर में आज हम मेट्रो ट्रेन के संचालन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश नगरीय विकास के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है। इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट-2022 में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर प्रदेश की 5 स्मार्ट सिटी को विभिन्न श्रेणी में 13 अवार्ड मिले हैं। प्रदेश को बेस्ट स्टेट का अवार्ड मिला है और इन्दौर नेशनल स्मार्ट सिटी अवार्ड में प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पौध-रोपण भी किया। कार्यक्रम में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, प्रमुख सचिव नगरीय विकास नीरज मंडलोई, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन मनीष सिंह जन-प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ल्लेखनीय कि स्मार्ट पार्क में मेट्रो ट्रेन कोच का वास्तविक मॉडल प्रदर्शित किया गया है। अनावरण के बाद मॉडल कोच को बच्चों एवं आमजन के अवलोकन के लिए खोला जाएगा। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के 3 कोच से मिल कर बनती है।

मंत्रिमंडल विस्तार पर बोले कमलनाथ

विसर्जन के वक्त किया विस्तार

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शिवराज सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा है कि विसर्जन के वक्त यह विस्तार किया गया। उन्होंने एक बयान में कहा कि दीपक बुझने वाला हो तो उसकी लौ अधिक तेज हो जाती है और वह फड़फड़ाने लगती है। भाजपाई सत्ता का स्वरूप भी कुछ वैसा ही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी अपनी हार सामने देख बेमन से आजकल अपरिपक्व निर्णय ले रहे हैं। शायद यही वजह है कि जिस गुटीय राजनीति की वजह से शिवराज जी जिन्हे पसंद नहीं करते थे, उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करना पड़ रहा है।

श्री कमलनाथ ने कहा कि बग़ैर पूर्व तैयारी के मुख्यमंत्री जी घोषणाएं किए जा रहे हैं। न नए जिलों के अधोसंरचना विकास का कोई खाका खींचा, न प्रशासनिक सरंचना का। हम सरकार बनाते ही नए जिलों को नियोजित रूप से आकार देंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने नवागत मंत्रियों को दी शुभकामनाएं

मंत्रिमंडल में दक्षता, कुशलता और संतुलन समाहित

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंत्रिपरिषद के विस्तार में सम्मिलित किए गए गौरीशंकर बिसेन तथा राजेन्द्र शुक्ल को कैबिनेट मंत्री एवं राहुल लोधी को राज्य मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी कार्यकाल की कामना की है। श्री शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार में दक्षता, कुशलता और संतुलन समाहित है। मुझे आशा है कि मंत्रिमंडल के नए सदस्य मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व की भाजपा सरकार की नीतियों के अनुरूप प्रदेश के चहुंमुखी विकास के पहिए को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश को आज तीन और कुशल एवं परिपक्व मंत्री मिले हैं, हम और तेजी से मध्यप्रदेश को विकास के मार्ग पर ले जाने तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सुराज को पहुंचाने का काम करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि जनआकांक्षाओं को प्रामाणिकता के साथ पूर्ण करने में भी सफल होंगे।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुंबई बैठक के लिए तैयार

- तीसरी बैठक में और बढ़ेगा इंडिया गठबंधन का कद
- राष्ट्रीय संयोजक को लेकर लिया जाएगा फैसला
- उप समिति के गठन पर भी हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी महत्वपूर्ण बैठक के बाद मजबूत होने के लिए तैयार है। इंडिया (आईएनडीआईए) सदस्य दलों के सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महाराष्ट्र शेतकारी दल की भागीदारी होगी। 23 जून को पटना में हुई पहली बैठक में 16 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। एक महीने से भी कम समय में, 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में दूसरे दौर की बैठक के दौरान गठबंधन 26 दलों तक पहुंच गया था। तीसरी बैठक में एक और दल को जोड़ने के अलावा राज्य स्तर पर गठबंधन के लिए उप समिति और सामूहिक बैठक पर भी निर्णय लिया जायेगा। पार्टी सूत्रों ने कहा कि उप-समिति के गठन से 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के कामकाज में मदद मिलेगी।

मुंबई की बैठक में गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक को लेकर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, कई नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय संयोजक का पद सृजित करने के बजाय कई दलों की उप समिति इस पद को संभाल सकती है, जो कार्यक्रमों को तय करने का काम भी करेगी और पार्टियों के बीच समन्वय की अहम भूमिका भी निभाएगी। सूत्रों ने आगे कहा कि तीसरी बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम के मसौदे और इंडिया पार्टियों के लोगो पर भी चर्चा की जाएगी, जो मुंबई में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना (यूबीटी) के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी द्वारा आयोजित की जा रही है।

80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद

बैठक में कम से कम 80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा होगी और महंगाई, बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा को घेरने पर चर्चा होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों पर कोई चर्चा होगी, इस पर सूत्रों ने आगे कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना नहीं है क्योंकि पार्टियों को पहले मुद्दों और सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री पद के चेहरे और सीट बंटवारे का फैसला बाद में किया जाएगा, क्योंकि पहली प्राथमिकता केंद्र में भाजपा सरकार से मुकाबला करने के लिए एक रोडमैप तैयार करना है। सूत्रों ने यह भी कहा कि इस स्तर पर प्रधानमंत्री पद पर चर्चा के मुद्दों में पड़ने के बजाय 2024 के लोकसभा अभियान के लिए माहौल तैयार करना अधिक महत्वपूर्ण है।

फिर दोहराया, एनसीपी में कोई विभाजन नहीं

फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध करता रहूंगा

नई दिल्ली, देशबन्धु। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध करता रहूंगा। उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी में टूट से इनकार किया और कहा कि यह सच है कि कुछ विधायक पार्टी छोड़कर चले गए हैं, लेकिन केवल विधायकों का मतलब पूरी राजनीतिक पार्टी नहीं है। पवार ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में संवाददाताओं से कहा कि वह राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल इसकी राज्य इकाई के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, 'राकांपा विभाजित नहीं हुई है। हालांकि यह सच है कि कुछ विधायक चले गए हैं, लेकिन विधायकों का मतलब राजनीतिक पार्टी नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह पार्टी के बागियों के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, बागियों के नाम लेकर उन्हें महत्व क्यों दिया जा रहा है।

राकांपा प्रमुख ने स्वीकार किया कि कुछ विधायकों ने शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने के बारे में उन्हें पत्र लिखा था जब शिवसेना में विभाजन के बाद महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी। उन्होंने कहा, लेकिन कोई फैसला नहीं किया गया था। भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पवार ने कहा, मैं फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध करता रहूंगा। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हुआ है।

भाजपा ने विशेष सदस्यता अभियान हेतु प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सासंद विष्णुदत्त शर्मा ने विशेष सदस्यता अभियान के लिए प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया है।

विशेष सदस्यता अभियान की प्रदेश स्तरीय टोली का संयोजक पार्टी के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल को बनाया गया है। वहीं सदस्यों में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नदिता पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवपुरी श्रीमती नेहा यादव, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत चौहान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नानूराम कुमावत, अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह टोकम, अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री बलजीत सिंह चौहान, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री पदम सिंह ठाकुर, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जावेद अख्तर एवं आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक अमन शुक्ला को शामिल किया है।

झाबुआ में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री

भाजपा करती है आदिवासियों की चिंता

झाबुआ, देशबन्धु। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को बूथ-बूथ, घर-घर जाकर यह बताना है कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें ही गरीबों, आदिवासियों की चिंता करती है। इसलिए आने वाले चुनावों में वे उस भाजपा का साथ दें, जो उनका साथ देती है।

यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने झाबुआ के उत्कृष्ट विद्यालय प्रागंण में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 2005-06 में मुख्यमंत्री बनने के बाद जब मैं झाबुआ आया था, तो यहां सड़कें नहीं थी, बिजली नहीं आती थी, पानी नहीं था। गांवों में स्कूल, छात्रावास और आश्रम शालाएं नहीं थीं। बच्चों को पढ़ने के लिए मीलों पैदल जाना पड़ता था। मैंने संकल्प लिया कि बच्चों को पैदल स्कूल नहीं जाने दूंगा और हमने भांजे-भांजियों को साइकिलें दी। यहां सीएम राइज स्कूल भी खोला जा रहा है, जिसमें अच्छे प्राइवेट स्कूलों की तरह लायब्रेरी, लैब, खेल मैदान और सभी सुविधाएं होंगी। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि हर गरीब के पास रहने के लिए जमीन होगी। हम जमीन का पट्टा देंगे और प्रधानमंत्री पक्का मकान दे रहे हैं। जो लोग उस योजना में छूट गए हैं, उन्हें भी सर्वे कराकर हम मुख्यमंत्री जन आवास योजना में मकान देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जब परिवार का कोई व्यक्ति बीमार होता था, तो उसके इलाज के लिए लोग कर्ज लेकर साहूकारों के जाल में फंस जाते थे और जमीन से लेकर जेवर तक गिरवी रखना पड़ता था। प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना लागू करके हर गरीब के लिए 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री श्रीमती संगीता सोनी, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भांबर, सांसद गुमान सिंह डामोर, प्रवासी विधायक चेतन्य देसाई, जिला प्रभारी हरिनारायण यादव, श्रीमती निर्मला भूरिया, शांतिलाल बिलवाल, पार्टी प्रत्याशी भानू भूरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश दुबे, मनोहर सेठिया, ओमप्रकाश शर्मा, दौलत भावसार, कृष्ण पाल जंगाखेडी, गौरव खण्डेलवाल सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अल्लू अर्जुन ने अभिनय से जीता देश-विदेश का दिल : केसीआर

हैदराबाद, देशबन्धु। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने देश में निर्मित सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाली फिल्मों के लिए केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में तेलुगु फिल्मों द्वारा कई पुरस्कार जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त की। केसीआर ने टॉलीवुड के आइकन स्टार अल्लू अर्जुन को बधाई दी, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। यह गर्व का क्षण है कि किसी तेलुगु नायक ने पिछले 60 वर्षों में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। अल्लू अर्जुन अपनी ब्लॉकबस्टर एक्शन फिल्म पुष्पा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले पहले तेलुगु अभिनेता बन गए। अल्लू अर्जुन ने कई फिल्मों में नायक के रूप में अपने उच्च स्तरीय अभिनय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीएम ने कहा कि अल्लू अर्जुन ने अपने दादा और महान अभिनेता अल्लू रामलिंगैया की विरासत को जारी रखा और प्रसिद्ध तेलुगु अभिनेता चिरंजीवी की प्रेरणा से अपने दम पर एक महान अभिनेता के रूप में उभरे। इसी मौके पर सीएम केसीआर ने अपने रचनात्मक लेखन से तेलुगु फिल्म गीत के बोलों को वैश्विक पहचान दिलाने वाले ऑस्कर पुरस्कार विजेता चंद्र बोस को सर्वश्रेष्ठ फिल्म गीत का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की। सीएम केसीआर ने चंद्र बोस को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक देवी प्रसाद, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक कालभैरव, सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक पुरुषोत्तमाचार्य और कई फिल्मों के निर्माताओं, निर्देशकों, अभिनेताओं और तकनीकी कर्मचारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने अपनी-अपनी श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार जीते। सीएम ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है कि तेलुगु फिल्म उद्योग हैदराबाद को अपना केंद्र बनाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहा है।

जी-20 शिखर सम्मेलन के मेहमानों की सुरक्षा के मद्देनजर फैसला

दिल्ली एयरपोर्ट पर कैंसिल हो सकती है 1000 फ्लाइट

नागरिक उड़डयन मंत्रालय मेहमानों की आवाजाही की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा

- **जोगेन्द्र सोलंकी**

नई दिल्ली, देशबन्धु। जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर दिल्ली में जोर शोर से की जा रही तैयारियों के बीच दिल्ली एयरपोर्ट पर एक हजार से अधिक फ्लाइटों को कैंसिल किए जाने की संभावना है। इसके चलते बाहर से आने व दिल्ली से वाले हवाई यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नागरिक उड़डयन मंत्रालय वीवीआईपी मेहमानों की आवाजाही को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। सम्मेलन के दौरान दिल्ली एयरपोर्ट अच्छी खासी चहल पहल देखने को मिल सकती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर वीवीआईपी मेहमानों की आवाजाही के कारण सुरक्षा के मद्देनजर एक हजार से अधिक फ्लाइटों को कैंसिल किए जाने की संभावना है। विमानन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में ये जानकारी साझा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था अच्छी रहे इसलिए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 1000 फ्लाइटों को कैंसिल किया जा सकता है।

पार्किंग में भी कटौती करने का निर्देश

जी-20 शिखर सम्मेलन के विमानों की पार्किंग में कोई समस्या ना हो इसलिए ये फैसला किया गया है। एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि पार्किंग में वो कटौती करें। इस संबंध में एयरलाइंसों से कहा गया है कि वो अपने एयरक्राफ्ट को दिल्ली एयरपोर्ट पर खड़ा करने के बजाय किसी अन्य एयरपोर्ट पर खड़ा कर सकते है। जी-20 शिखर सम्मेलन नौ सितंबर को आयोजित होना है। इस सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसे लेकर ही एयरलाइंस के पूरे शेड्यूल में भी बदलाव किया जा रहा है। इस सम्मेलन के कारण माना जा रहा है कि देश भर में भी एयरलाइंस के नेटवर्क पर असर हो सकता है। यहां तक की कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी किया जा सकता है। दिल्ली एयरपोर्ट पर इस शिखर सम्मेलन से संबंधित 50 से अधिक एयरक्राफ्ट पार्क होंगे। इन विमानों से शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दुनिया भर से कई वीवीआईपी गेस्ट हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और चीनी प्रधानमंत्री शी जिनपिंग जैसे लोग शामिल होंगे। गौरतलब है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर लगभग 220 पार्किंग स्टैंड है। इन दिनों एयर ट्रैफिक में बढ़ोतरी हो रही है। गो फर्स्ट के दिवालिया होने के कारण यहां पहले से 50 विमान खड़े हुए है, जिससे पार्किंग में परेशानी हो सकती है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पार्किंग की समस्या को देखते हुए इसका हल भी खोजा है। एयरलाइंस विमानों को दिल्ली एयरपोर्ट के अलावा अन्य एयरपोर्ट पर भी पार्क करा सकती है। इसमें लखनऊ और जयपुर एयरपोर्ट भी शामिल है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।